तापमान

अधिकतम 29.6 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026

12 मालवीय नगर में बदला जा रहा वॉल्व, सुबह नहीं आएगा पानी



1 विराट हिंदू सम्मेलन में संतों का मिला आशीर्वाद, युवाओं ने किया रक्तदान





## खबर संक्षेप

### कॉलेज में उत्पात मचाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** कल्याण महाविद्यालय भिलाई में प्रदर्शन के दौरान शासकीय संपत्ति में तोड़कर कर उत्पात मचाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 9 दिसंबर 2025 को कल्याण कालेज सेक्टर 7 के प्राचार्य कक्ष में परीक्षा का फॉर्म परीक्षण और हस्ताक्षर का कार्य चल रहा था। इस दौरान पूर्व छात्र आकाश कनौजिया, दीपक पाल, आनंद यदु, नितेश गुप्ता, आशीष कालो, भौमित पटेल, अंशुल शर्मा समेत अन्य अन्य छात्र कालेज के भीतर प्रवेश कर गाली गलौज किया। प्राचार्य के टेबल में रखें शासकीय दस्तावेज को उठाकर फेंका गया। दस्तावेज फाड़ कर स्याही डाल कर खराब कर दिया गया। जिससे शासकीय दस्तावेज की क्षति हुई थी। शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। छात्रों ने जूते का माला बनाकर प्राचार्य को पहनाने का प्रयास कर रहे थे। मामले में पुलिस ने फरार आरोपी छात्र चंद्र नगर कोहका सुपेला निवासी नीतेश गुप्ता उर्फ निक्कू को पकड़ा गया। इसके पूर्व भी पुलिस ने तीन पूर्व छात्रों को गिरफ्तार किया था। नीतेश मामले का साजिशकर्ता है। नीतेश को पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### मकान से दो लाख के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान के आलमारी से सोना का जेवरात पार करने के मामले में पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि वार्ड 10 शंकर नगर कुम्हारी निवासी भरत बजाज के मकान से सोना चांदी के जेवरात पार हो गया है। घर से अपने हिस्से के 11.9 तोला सोना और अन्य जेवर (6 अंगुठी) था। जिसमें से 1.9 तोला सोना और 1 अंगुठी का गहना बनवाने के लिये नवकार ज्वेलर्स रायपुर गया था। बचा सोना अपने घर शंकर नगर कुम्हारी मे अपनी मम्मी को अलमीरा में रखने दिया था। रायपुर से अपनी खरीदी करके रात को लौटने पर छोटा भाई विनय बजाज घर लाया। उसे बहन हर्षा को अलमीरा मे रखने दिया। सोने की कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है।

# मनसा कॉलेज प्रबंधन ने सड़क की जमीन पर बना दी दुकानें, पीडब्ल्यूडी जारी करेगा नोटिस

**स्व. विद्यारतन भसीन मार्ग पर लोक निर्माण विभाग करा रहा सीमांकन, सर्वे के दौरान खुलासा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई में इंदू आईटी स्कूल के बागल से स्थित नाले से लेकर कुरूद मोड़ तक पीडब्ल्यूडी स्व. विद्यारतन भसीन मार्ग के दोनो तरफ नाली का निर्माण कर रहा है। 1.38 करोड़ रुपए की लागत से बन रही इस नाली में के निर्माण में मनसा कॉलेज द्वारा सड़क किनारे अतिक्रमण करके बनाई गई दुकानें व्यवधान डालेंगी। इसको देखते हुए पीडब्ल्यूडी मनसा कॉलेज प्रबंधन को नोटिस जारी करेगा कि वो अपनी सभी दुकानों को तोड़े, जिससे की वहां पर नाली का निर्माण किया जा सके।

आपको बता दें कि स्व. विद्यारतन भसीन मार्ग के दोनो तरफ बन रही नाली की गुणवत्ता और गलत सीमांकन को लेकर हरिभूमि ने 5 जनवरी के अंक में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसे लेकर पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता आशीष भट्टाचार्य ने वहां का दोबारा सीमांकन कराने का निर्देश सब इंजीनियर शबनम निशा ने दोबारा सीमांकन करवाया।

अभी कुछ क्षेत्र का सीमांकन हुआ है और बाकी क्षेत्र का सीमांकन होना बाकी है। सब इंजीनियर ने बताया कि सीमांकन के दौरान पाया गया मनसा कॉलेज की बाउंड्रीवाल तो सही सीमा पर है, लेकिन जो दुकानें बनी है वो सड़क की पटरी वाली जगह पर बना दी गई है। इसलिए कॉलेज प्रबंधन को दुकानें तोड़ने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा।

### अन्य जगहों पर भी है अतिक्रमण

भाजपा नेता महेश वर्मा ने बताया कि अवंती बाई चौक से लेक इंदू आईटी स्कूली तक तक सड़क का भाग काफी चौड़ा है, लेकिन उसे आगे कई लोगों ने सड़क की सरकारी जमीन पर कब्जा करके निर्माण कर लिया है। उनका कहना है कि रुंगाटा इंजीनियरिंग कॉलेज का गेट एक तरफ और दूसरी तर पेट्रोल पंप की सीमा को देखा जाए तो वहां पर कई सारी दुकान सड़क की पटरी वाली जगह पर बना दी गई हैं। इन सभी को तोड़कर नाली बनाना चाहिए।





**कुछ बड़े लोगों को फायदा पहुचांने का हो रहा कामः** कुरुद की पार्षद सीमा अजय साहू का कहना है कि पीडब्ल्यूडी नाली का निर्माण कर रहा है। सीमांकन भी हो गया, लेकिन पार्षद को जानकारी नहीं दी गई। यदि जानकारी दी जाती तो खड़े होकर सही सीमांकन करवाते, लेकिन यहां अधिकारी कुछ लोगों को फायदा पहुंचाने के लिए गलत सीमांकन करके नाली निर्माण सड़क से चिपकाकर बना रहे हैं।

### मंत्री से शिकायत की तैयारी

जिस तरह से स्व. विद्यारतन भषीन मार्ग को संकरा करके अतिक्रमण को बढ़ावा देते हुए नाली का निर्माण किया जा रहा है, उससे नाराज होकर साहू समाज के लोग पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव से शिकायत कर जांच की मांग करेंगे।

## कई वार्डों से गुजरने वाली सर्विस रोड अव्यवस्था का शिकार, निगम बेपरवाह

# पॉवर हाउस से सुपेला तक सर्विस रोड पर कब्जा लोगों की आवाजाही ठप, फंस रही एम्बुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पावर हाउस चौक से सुपेला चौक तक सर्विस रोड में अतिक्रमण होने से लोगों का आवागमन बंद हो गया है। हालत ये है कि सर्विस रोड में जगह-जगह गेराज और अन्य दुकाने खुलने के साथ ही खराब गाड़ियां खड़ी कर छोड़ दी गई हैं।

इससे मुख्य मार्ग पर दबाव बढ़ गया है और लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल को जाने वाली एंबुलेंस तक सही से नहीं आ जा पा रही है। इस रोड का जब ग्राउंड जीरो पर जाकर सर्वे किया गया तो पाया गया कि सर्विस रोड के दोनों ओर अवैध कब्जों ने रास्ते को संकरा बना दिया है। कहीं खराब व बिगड़ी गाड़ियों की अस्थायी पार्किंग तो कहीं पुरानी गाड़ियों की खरीद-बिक्री करने वालों ने जगह घेर रखी है। कई जगह गैरेज और डेंटिंग पेंटिंग वालों ने सर्विस रोड में ही वर्कशॉप बना दिया है। इससे सर्विस रोड से आने-जाने में लोगों को हर दिन जूझना पड़ रहा है। सबसे अधिक खराब हालत सुपेला क्षेत्र में है। यहां लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल, नगर निगम कार्यालय और कई बड़े व महत्वपूर्ण संस्थान हैं। इससे यहां आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**सुपेला अस्पताल से नेहरू भवन चौक तक हालात सबसे बदतर**



### अस्पताल के पास जाम में फंस रही एम्बुलेंस, इलाज में हो रही दिक्कत

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के पास तो रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार तो यहां एम्बुलेंस तक फंस जाती है। बेतरतीब पार्किंग और सड़क किनारे लगी वाहनों की कतार सबसे बड़ी परेशानी बन चुकी है। सर्विस रोड पर कई जगह ठेला और खोमचा संचालकों ने कारोबार जमा लिया है। नाश्ता और फास्ट फूड के ठेलों के पास हमेशा भीड़ रहती है, जिससे सड़क बिल्कुल रुक जाती है। पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं होने के चलते हालात काफी खराब हैं।

### सर्विस रोड जाम, जीई रोड पर बढ़ रहा ट्रैफिक का दबाव

सर्विस रोड में आवागमन बाधित होने का असर सीधे जीई रोड पर दिखाई दे रहा है। सर्विस रोड बाधित होने के कारण पूरा ट्रैफिक जीई रोड पर शिफ्ट हो गया है, जिससे यहां वाहनों का दबाव काफी बढ़ गया है। जीई रोड के दोनों ओर कई बड़े कॉम्पलेक्स बन चुके हैं, लेकिन ज्यादातर जगहों पर पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई। इसके कारण वाहन मालिक सड़क पर ही गाड़ियां खड़ी कर देते हैं और सड़क पार्किंग में बदल जाता है। ट्रैफिक दबाव बढ़ने से यहां जाम की स्थिति बनती है। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ जाता है।

### वोट बैंक के दबाव में कार्रवाई ठप, पार्षदों की अनदेखी से बढ़ी समस्या

सुपेला से पावर हाउस तक जाने वाला सर्विस रोड कई वार्डों से होकर गुजरता है, लेकिन सड़क पर फैल रही अवैध कब्जों और अव्यवस्थित गतिविधियों पर अधिकांश पार्षदों ने आंखें मूंद रखी हैं। कुछ पार्षदों को छोड़ दें तो बाकी जनप्रतिनिधियों को सड़क पर हो रही अव्यवस्था और लोगों की परेशानियों से कोई विशेष सरोकार दिखाई नहीं देता। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि वोट बैंक के दबाव में कई पार्षद सड़कों पर लगे ठेले, खोमचे, अव्यवस्थित पार्किंग और कब्जों पर कार्रवाई से बचते हैं। नतीजा यह है कि सर्विस रोड पर आवागमन लगातार बाधित हो रहा है और सड़क का बड़ा हिस्सा कब्जे में चला गया है। अगर समय पर जनप्रतिनिधियों ने जिम्मेदारी दिखाई होती, तो आज स्थिति इतनी नहीं बिगड़ती। सर्विस रोड शहर के हजारों लोगों के लिए महत्वपूर्ण मार्ग है, लेकिन अव्यवस्था के कारण इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

### ननि के सहयोग का अभाव : ऋचा

ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि सर्विस रोड और मुख्य मार्गों पर अव्यवस्थित पार्किंग और कब्जों को लेकर ट्रैफिक पुलिस समय-समय पर कार्रवाई करती है, लेकिन कुछ दिनों बाद हालात फिर पहले जैसे हो जाते हैं। कार्रवाई अस्थायी साबित हो रही है, क्योंकि नगर निगम की ओर से स्थायी बेदखली की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती। जब ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई करती है तो कुछ दिन तक व्यवस्था दिखती है, लेकिन कुछ समय बाद फिर से ठेले, खोमचे और वाहन सड़क पर खड़े नजर आने लगते हैं। इससे आवागमन में लगातार बाधा बनी रहती है। नगर निगम प्रशासन का भी दायित्व बनता है कि सड़क बाधित करने वालों पर बेदखली और नियमन की सख्त कार्रवाई की जाए। केवल चालान काटने से समस्या का समाधान संभव नहीं है। ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम संयुक्त अभियान चलाकर स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि सड़कें फिर से आम लोगों के लिए सुगम हो सकें।

### बड़ी कार्रवाई की आवश्यकता

सर्विड रोड पर गैरेज संचालकों ने कब्जा कर रखा है। वाहनों का संधारण हो या डेटिंग पेंटिंग सभी गाड़ियों को सर्विस रोड पर रखकर कार्य किया जाता है। कलेक्टर और निगर निगम को कार्रवाई के लिए कई बार आवेदन दिया गया है। इन लोगों पर बड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है। **-लक्ष्मीबाई साहू**, पार्षद वार्ड 27, शास्त्रीनगर

### सड़क निर्माण के बाद की जाएगी कार्रवाई

करीब ढाई करोड़ की लागत से सर्विस रोड का संधारण कार्य जल्द शुरू होने वाला है। सड़क निर्माण के बाद दोनों और लाइनिंग की जाएगी। इसके बाद भी अगर सड़क पर वाहन, ठेला खोमचा और अवैध कब्जा किया जाता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। **भोजराज भोजू, पार्षद वार्ड-17**

**छावनी पुलिस ने किया अपराध दर्ज**

# सेलून संचालक पर नकाबपोश ने किया चाकू से हमला, मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेलून संचालक को नकापोश ने चाकू से हमला कर मौके से फरार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। छावनी पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर कैम्प 1 स्थित मोहल्ला में रविवार को अज्ञात ने क्लासिक कट्स सैलून संचालक का बेटा पूनाराम सेन उर्फ विक्की को अज्ञात ने चाकू से हमला किया है।

हमले में युवक की हालत गंभीर है। 18 नंबर रोड पर पटेल डेयरी के पास द क्लासिक कट्स नाम से सैलून पीड़ित के पिता चलाते हैं। बेटा पूनाराम सेन उर्फ विक्की रविवार रात 9.30 बजे दुकान बंद कर घर लौट रहा था। जब वह अपने घर के पास गली में पहुंचा, तभी वहां पहले से मौजूद अज्ञात युवक ने उस पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक आरोपी ने अपने मुंह में गमछा बांध रखा था। जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई है। आरोपी के हाथ में चाकू था। युवक पर जान से मारने की नीयत से प्राणघातक हमला किया। पूनाराम को चाकू से पीठ में चोट आई है। दूसरा गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। घटना की खबर लगने पर लोग मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया।

- आरोपियों की जानकारी नहीं मिल पाई

### मिले फुटेज से कराई जा रही शिनाख्त

बताया गया है कि विक्की सेन पर हुए चाकू से हमले मामले में पुलिस को सीसी कैमरे से अहम सुराग हाथ लगा है। फूटेज को आसपास के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने दो दर्जन से अधिक कैमरों को खंगाला था। कुछ संदिग्ध युवकों से भी पूछताछ किया जा रहा है। पूरी तरीके से शिनाख्त होने के बाद ही पुलिस इसका खुलासा करेगी।

# मध्यप्रदेश से लाकर शराब खपाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



एमपी से शराब लाकर अवैध रुप से भिलाई-दुर्ग में बेचने वाले गिरोह के सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सुबेश दत्ता अपने घर प्रणव कॉम्प्लेक्स बोरसीभांठा दुर्ग में अवैध रूप से अनूपपुर एमी से शराब मंगाकर, बॉटलिंग कर अवैध रूप बेचा करता था। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सुबेश दत्ता के मकान में पहुंचकर कमरों की तलाशी ली गई। आरोपी के यहां से 85 नग मसाला शराब जुमला 15.300 बल्क लीटर 8500 रूपये, 9 रोमियों देशी मसाला शराब 1.620 बल्क लीटर, एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में 750 एमएल वाली गोवा विस्की 53 नग, 180 एम0एल0 वाली मसाला शराब अनुपपुर, मध्यप्रदेश लिखा हुआ खाली प्लास्टिक की पौवा 127 नग मिला। इसके अलावा बोरी में 180 एमएल वाली शोले मसाला देशी शराब की खाली कांच की पौवा 10 और 180 एमएल वाली गोवा स्पेशल शराब की खाली कांच की पौवा 18 नग, छग विभाग का गुलाबी रंग का होलोग्राम 4 पत्ता प्रत्येक पौवा में 72 पीस, कुल 288 पीस, पौवा 72 पीस, कुल 144 पीस छग विभाग का गुलाबी रंग टुकड़ा 7 पत्ता जिसमें 120 पीस, प्लास्टिक की बोरी में शोले देशी मसाला की पौवा की पीले रंग की ढक्कन 160 नग जब्त किया गया। आरोपी के पास से पुलिस ने मोबाइल भी जब्त किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल के कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

रानीतराई थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग को बहला फुसलाकर घुमाने ले जाना और पीड़िता के बिना सहमति के उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी साहेब राम उर्फ गुलाब साहू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां विचारण के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। उसे 20 वर्ष की सजा सुनाई गई। अपर सत्र न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर के न्यायालय से यह फैसला आया। आरोपी पर 5 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया। प्रकरण के मुताबिक पीड़िता स्कूल जाने के लिए बैग लेकर घर से निकली थी। जिसे आरोपी ने अपने मोटर साइकिल में बैठाकर धमतरी ले गया, जहां बिना सहमति से उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी तरफ पीड़िता को धमतरी से बैलाडीला ले जाते समय स्लीपर कोच के बस में भी पीड़िता के साथ जबर्दस्ती दुष्कर्म किया। अभियुक्त के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत के सजा सुनाई है। पीड़िता के पिता ने रानीतराई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



- अपर सत्र न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर के न्यायालय से आया फैसला

# मेला से लौट रहे युवकों पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सगनी पुन्नी मेला से लौट रहे दो युवकों पर गांव के आउटर में पेशाब करने के दौरान 13 लोगों ने मिलकर चाकू से हमला कर दिया। ए युवकों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया था। जिसमें एक को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं एक की स्थिति गंभीर है। धमधा थाना प्रभारी आरएन ध्रुव ने बताया कि 3 जनवरी की शाम 5.30 बजे दो युवक सगनी पुन्नी मेला देखकर अपने ग्राम लौट रहे थे। गांव पहुंचने के बाद घर जाने से पहले वे गांव के आउटर में पेशाब करने के लिए रुके। जहां पेशाब करने को लेकर कुछ युवकों ने आपत्ति जताया। इसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। मौके पर मौजूद आरोपी युवकों का एक ग्रुप में खड़े थे और वे नंदिनी थाना क्षेत्र के चार अलग-अलग गांवों के निवासी हैं। सभी आरोपी भी सगनी पुन्नी मेला देखकर लौट रहे थे। मामूली विवाद के बाद आरोपियों में बोड़ेगांव नंदिनी निवासी जितेन्द्र उर्फ भोला राउत, बानबरत तोप सिंह यादव, डोमेन्द्र साहू, जय प्रकाश पटेल, सोनू ठाकुर, देवेन्द्र यादव,पुरेन्द्र ठाकुर, ग्राम बागडूमर पवन कुमार साहू, हीरानंद यादव, ग्राम डोंगरिया (कोडिया) गोपी ठाकुर, मनीष कुमार ध्रुव समेत दो अपचारी बालको को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को पुलिस ने अपने-अपने घर से पकड़े गए।

- 13 पुलिस की गिरफ्त में
- धमधा पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में किया पेश, भेजा जेल



**नगर निगम भिलाई की कार्रवाई, नोटिस को नहीं ले रहे थे गंभीरता से**

# बकाया जमा नहीं करने पर आकाशगंगा परिसर की 9 दुकानें सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वार्ड 17 स्थित आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर में किराया वृद्धि की राशि जमा नहीं करने पर 9 दुकानों को सीलबंद कर दिया। निगम प्रशासन के अनुसार, व्यवसाय संचालन के लिए आकाशगंगा परिसर में दुकानें आवंटित की गई थीं और प्रतिमाह किराया निर्धारित था।

बाद में किराए में वृद्धि की सूचना देकर दुकानदारों को नोटिस जारी किया गया, लेकिन निर्धारित समय सीमा तक किराया निगम के कोष में जमा नहीं कराया गया। आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देश पर यह कार्रवाई निगम उपायुक्त डीके कोसरिया के नेतृत्व में की गई। इन दुकानों पर करीब 41 लाख रुपए का बकाया था। नोटिस अवधि पूरी होने के बाद दुकानों का आवंटन निरस्त किया गया और कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील किया गया। किराया लंबित रहने के कारण बकाया राशि में वृद्धि भी हो चुकी है। निगम ने स्पष्ट किया है कि आकाशगंगा परिसर सहित अन्य व्यावसायिक परिसरों में भी किराया वसूली की प्रक्रिया जारी है। तय समय पर किराया जमा नहीं करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जोन 1 राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम मौजूद रही। कार्रवाई में राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, अनुरेखक उन्मेश साहू, सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी, प्रसन्न तिवारी, बसंत देवांगन, हरिओम गुप्ता और बेदखली टीम के कर्मचारी शामिल थे।



- 41 लाख से ज्यादा का है बकाया टैक्स वसूलने चलेगा अभियान



# अहिवारा में अतिक्रमण, मुड़पार क्रेशर से उड़ने वाली धूल से ग्रामीण हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 100 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत मुड़पार के सरपंच व ग्रामवासियों ने बताया कि जिले के ग्राम पंचायत मुड़पार में नव स्थापित हैवी क्रेशर मशीन से उत्पन्न धूल व शोर के कारण ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। मशीन की स्थापना ग्राम पंचायत मुड़पार के आबादी क्षेत्र में होने के कारण ग्रामवासी आक्रोशित है। उन्होंने क्रेशर मशीन को आबादी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित करने की मांग की है। इस पर कलेक्टर ने खनिज विभाग को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## कलेक्टर जनदर्शन में 100 से ज्यादा शिकायतें, समय-सीमा की बैठक में निराकरण

### बस स्टैंड मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण, बन रहे ट्रैफिक जाम के हालात

अहिवारा वार्डवासियों ने बताया कि अहिवारा बस स्टैंड क्षेत्र में मुख्य सड़क पर अवैध रूप से फल विक्रेताओं व अन्य दुकानों के लगने से जनसमस्या गंभीर होती जा रही है। महिलाओं, बुजुर्गों, स्कूली बच्चों और यात्रियों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम लग रहा है, वहीं स्थायी दुकानदारों का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने अवैध अतिक्रमण हटाकर ठेले एवं दुकानों के लिए व्यवस्थित स्थान निर्धारित करने की मांग की है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी अहिवारा को निरीक्षण कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### उमरपोटी में चिमनी से निकलने वाले धुएं से लोग परेशान

ग्राम उमरपोटी में शासकीय भूमि पर बिना चिमनी संचालित ईंट भट्टी ग्रामीणों के लिए गंभीर परेशानी बन गई है। ग्रामवासियों ने बताया कि पिछले 10-12 वर्षों से ईंट भट्टी का संचालन किया जा रहा है, जिससे आसपास के आवासीय क्षेत्र और कृषि भूमि में धुआं व डस्ट फैल रही है। प्रदूषण के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और धान-गेहूं की फसल भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने प्रशासन से प्रदूषण फैलाने वाली ईंट भट्टी को तत्काल बंद कराने की मांग की है।

### भेड़सर तालाब पार में भी अवैध कब्जा

इसी प्रकार ग्राम पंचायत भेड़सर में स्थित ठेठवार तालाब के डूबान क्षेत्र और तालाब पार पर अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की। ग्रामवासियों ने बताया कि बिना पंचायत प्रस्ताव और बिना आवासीय पट्टा के मिट्टी डालकर मकान निर्माण कर लिया गया है, जिससे भविष्य में तालाब के गहरीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य प्रभावित हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते कार्यवाही नहीं की गई तो तालाब के डूबान क्षेत्र में अवैध निर्माण की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ेगी। उन्होंने अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कार्यवाही कर डूबान क्षेत्र को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराने आवेदन दिया। इस पर कलेक्टर ने दोनों प्रकरण में तहसीलदार दुर्ग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### डुमरडीह में अवैध प्लॉटिंग, धड़ल्ले से चल रहा खेल

ग्राम डुमरडीह के किसानों ने अवैध प्लाटिंग रोकने व किसानों को अपने खेत में जाने के लिए रास्ता प्रदान करने आवेदन दिया। किसानों ने बताया कि किसी अन्य व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर रास्ता को बंद कर दिया गया है। खेतों तक जाने का एकमात्र मार्ग बंद होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने तत्काल कार्यवाही कर रास्ता बहाल कराने की मांग की है। इस पर कलेक्टर ने एसडीओ दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

## खबर संक्षेप



### भिलाई मंडल में महिला मोर्चा परिचयात्मक बैठक

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक सोमवार को रुक्मणी पैलेस ठाकुर पेट्रोल पम्प के बाजू में भिलाई में सम्पन्न हुई। इस बैठक में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक और मण्डल अध्यक्ष वरुण यादव के साथ मण्डल के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। स्वीटी कौशिक ने मंडल में निवासरत सभी महिलाओं से परिचय लिया और आगामी गठन के संदर्भ में दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष सीता साहू, पार्षद प्रेमलता चंद्राकर, कुसुम विपिन चंद्राकर, कांति सिंह, निर्मला भारती, तुलसी मरकाम, धनेश्वरी साहू, पद्मिनी साहू, पूजा शर्मा, पुष्पा विश्वकर्मा, मीना गिरी, गीता वर्मा, गायत्री यादव, रीना चंद्राकर, दीपा दुर्गेशी, विनीता देवांगन, ममता पटेल सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रही।

### विभागीय परीक्षा का आयोजन बीआईटी में

**दुर्ग।** छग शासन गृह-सी विभाग (विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ) के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभागीय परीक्षा 27 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित किया गया है। आयुक्त दुर्ग संभाग द्वारा विभागीय परीक्षा संचालन के लिए भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी को परीक्षा केन्द्र नामांकित किया गया है।

## टेलीकॉम कंपनी द्वारा सड़क पर खोदे गड्ढों से बढ़ा हादसे का खतरा

# स्मृति नगर में अंडरग्राउंड पाइप के जरिए तालाब में जा रहा नाले का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा

स्मृतिनगर वार्ड 2 में वार्ड परिक्रमा के दौरान कई गंभीर समस्याएं सामने आईं। यहां तालाब में नाले का गंदा पानी जाने, सफाई व्यवस्था की उपेक्षा और टेलिकॉम कंपनी द्वारा सड़क पर खोदे गए गड्ढों के कारण लोगों के दुर्घटनाग्रस्त होने जैसी स्थितियां देखी गईं. इन हालातों पर स्थानीय नागरिकों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए नगर निगम से कार्यवाही की मांग की है।

नगर निगम के जोन-1 अंतर्गत वार्ड 2 में स्थित तालाब की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है। जहां नाले का पानी तालाब में जाने से रोका जाना चाहिए, वहीं दूसरी तरफ अंडरग्राउंड पाइप के जरिये तालाब में नाले का गंदा पानी पहुंचा रहा है। इस पाइप के माध्यम से नाले का गंदा पानी सीधे तालाब में गिर रहा है, जिससे तालाब का पानी दूषित हो चुका है और उसका रंग काला पड़ गया है। नाले के ऊपर जगह-जगह अवैध निर्माण भी दिखाई दिए। वार्ड की मुख्य सड़कों के किनारे बनी नालियों की सफाई भी लंबे समय से नहीं की गई है। इधर, टेलिकॉम कंपनी द्वारा सड़क पर खोदे गए गड्ढों को भरने का काम अधूरा छोड़ दिया गया है। लोगों के मुताबिक इन गड्ढों के कारण आए दिन वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं और दुर्घटनाएं हो रही हैं। साप्ताहिक बाजार में भी लोगों ने बेहतर प्रकाश व्यवस्था और नाली की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि नगर निगम को इस मामले पर तुरंत संज्ञान लेकर तालाब की सफाई, तालाब में नाले के गंदे पानी के प्रवाह पर रोक और सड़क पर बने गड्ढों को भरवाने की कार्यवाही करनी चाहिए।



कमलगट्टा से अटा तालाब





### तालाब के प्राकृतिक जलस्त्रोत और पर्यावरण दोनों को नुकसान



स्मृतिनगर वार्ड 2 के तालाब की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। तालाब में नाले का गंदा पानी मिलते रहने से पानी पूरी तरह दूषित हो चुका है। वार्ड निवासी और कांग्रेस पार्टी के झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सरसीज घोष ने कहा कि तालाब की तुरंत सफाई कराई जानी चाहिए और इसका सारा गंदा पानी निकालकर नए पानी से भरा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि लंबे समय से नाले का पानी सीधे तालाब में डाला जा रहा है। अंडरग्राउंड पाइप के माध्यम से नाले का गंदा पानी लगातार तालाब में पहुंच रहा है। सरसीज घोष ने कहा कि तालाब के प्राकृतिक जलस्त्रोत और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचा है। मुख्य सड़क के दोनों ओर बनी नालियों की सफाई कई महीनों से नहीं हुई है, जिस कारण गंदगी जमा हो रही है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### टेलीकॉम कंपनी की खुदाई बनी मुसीबत



स्मृतिनगर वार्ड 2 में सड़क पर अधूरे खुदाई कार्य के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। वार्ड निवासी कमलेश देवांगन ने बताया कि एक निजी टेलिकॉम कंपनी द्वारा मुख्य सड़क पर जगह-जगह गड्ढे खोदे गए हैं। ऐसे करीब चार गड्ढे पिछले एक महीने से खुले पड़े हैं और इन्हें भरने का काम अब तक नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इन गड्ढों के कारण रोजाना लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। खासतौर पर दोपहिया वाहन चालक अक्सर फिसल जाते हैं और कई बार बच्चे और बुजुर्ग भी चोटिल हो जाते हैं। निवासियों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से मांग की है कि टेलिकॉम कंपनी को जल्द से जल्द गड्ढे भरने के निर्देश दिए जाएं और सड़क को पहले की तरह समतल कराया जाए, ताकि लोगों की जान जोखिम में न रहे।

### टेलीकॉम कंपनी की शिकायत आयुक्त से

66 और 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट के वेस्ट पानी से तालाब में पानी भरा जाएगा। टेलिकॉम कंपनी द्वारा सड़क पर खोदे गए गड्ढों की शिकायत आयुक्तों से की गई है। व्यापारियों द्वारा नाली के ऊपर स्लेब डालकर कंट्रेक्शन किया गया है। इस कारण नाली की सफाई नहीं हो पा रही है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी मंगलवार को निरीक्षण पर आएंगे। 1.85 करोड़ की लागत से बोगदा पुलिया से जुनवानी तक बड़े नाले का निर्माण किया जाना है।

**-मुकेश अग्रवाल,** पार्षद वार्ड-2, स्मृतिनगर

## मालवीय नगर में बदला जा रहा वॉल्व, सुबह नहीं आएगा पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मालवीय नगर कॉम्प्लेक्स के पास 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जुड़े 600 एमएम के 2 बटर फ्लाई वॉल्व बदलने का काम सोमवार की सुबह प्रारंभ किया गया। कार्यस्थल पर लगातार पानी रिसने के बाद भी काम देर रात तक जारी रहा।

- महापौर अलका बाघमार ने स्थल का किया निरीक्षण

इधर सुबह महापौर अलका बाघमार ने अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द काम पूरा करने के लिए निर्देशित किया। अधिकारियों ने बताया कि कार्य की वजह से मंगलवार की सुबह की पाली में पानी नहीं मिल पाएगा। शाम के समय आपूर्ति समान्य हो जाएगी। निरीक्षण के दौरान जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, नीलेश अग्रवाल, जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौके पर उपस्थित थे। मालवीय नगर चौक के पास बरसों पुराने वॉल्व लीकेज होने के कारण शक्ति नगर, हनुमान नगर, ट्रांसपोर्ट नगर, शंकर नगर, गिरधारी नगर, शनिचरी बाजार जैसी बड़ी टंकियों में समय पर पानी नहीं भर पाता था। इसके कारण लो प्रेशर की शिकायत रहती थी। इस वॉल्व को बदलने का कार्य पूर्व में भी प्रारंभ किया गया था, किंतु अनुमान से अधिक कार्य होने के कारण कार्य को अधूरा छोड़ा गया था।

इस बार जल विभाग के अधिकारियों ने पूरी तैयारी के साथ उक्त वाल्व बदलने का कार्य लगाया है। यहां पर 2 प्रमुख वाल्व बदला जा रहा है। इसके बदलने से पटरी पार सहित अन्य क्षेत्र में भी पानी सप्लाई में सुधार होने की संभावना है।

## यादव मिलन समारोह और युवक युवती परिचय सम्मेलन 11 को

**दुर्ग।** नगर यादव महासभा द्वारा 11 जनवरी रविवार को दोपहर 1 बजे से यादव छात्रावास पचरीपारा वार्ड नंबर-28 में यादव मिलन समारोह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं गीता जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

उद्घाटन के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, अध्यक्षता सांसद विजय बघेल एवं विशेष अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अल्का बाधमार, दीपक ताराचंद साहू, शिवराज राउत, राजेश ताम्रकार, अजय यादव, पार्षद ममता ओमप्रकाश, बबीता यादव उपस्थित रहेंगे। समापन समारोह शाम 4 बजे होगा। मुख्य अतिथि विधायक भिलाई नगर देवेन्द्र यादव, अध्यक्षता जिला कोसरिया समाज अध्यक्ष बोधन यादव, विशेष अतिथि पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजेंद्र साहू, धीरज बाकलीवाल, मेधनाथ यादव, मन्ना यादव, दलौरिन बाई यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने बैठक यादव छात्रावास पचरीपारा दुर्ग में रखी गई। जिसमें समाज प्रमुख अध्यक्ष अमरसिंह यादव, संरक्षक छोटेलाल यादव, उपाध्यक्ष रणछोर यादव, सचिव दिनेश यादव, कोषाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद यादव, मेघनाथ यादव, भानु प्रताप यादव, पुनीत यादव, मुकेश यादव, भगवान सिंह यादव, लक्ष्मीचंद यादव उपस्थित रहे।

## गौ रक्षा के लिए लगाए रेडियम बेल्ट लोगों को भी अवेयर रहने का संदेश



**भिलाई।** एचएमजीएम मोदी ग्रुप के तत्वावधान में गौ-सेवा महासेवा के अभियान के तहत भिलाई पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में गौ माताओं की आरती की एवं चना गुड़ खिलाया। सड़क दुर्घटना न हो इसलिए और गौ रक्षा के लिए उनके गले में रेडियम बेल्ट लगा कर इस गौ-सेवा अभियान की शुरुआत की। पूर्व भाजपा जिला महामंत्री लोकेश पाण्डेय के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। रात के अंधेरे में सड़कों पर बैठे मवेशी वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते, जिससे भीषण सड़क हादसे होते रहते हैं। इन दुर्घटनाओं में न केवल मवेशी घायल होते हैं या दम तोड़ देते हैं, बल्कि वाहन चालकों की जान पर भी बन आती है। इस समस्या के समाधान के लिए मोदी ग्रुप और जन सेवा समिति शहर भर में घूम रहे मवेशियों के गले में रेडियम लगाएगी एवं निःशुल्क रेडियम बेल्ट वितरण किया जायेगा। संस्था ने यह निर्णय लिया है कि केवल स्वयं ही यह कार्य नहीं करेंगे, बल्कि समाज के जो भी लोग गौ-सेवा में रूचि रखते हैं, उन्हें समिति की ओर से निःशुल्क रेडियम बेल्ट प्रदान किया जाएंगे ताकि वे अपने आप पास के गोवंश की रक्षा कर सके। लोकेश पाण्डेय ने बताया की इस महाअभियान को आध्यात्मिक और सामाजिक रूप देने के लिए लोगों को जोड़ने का भी प्रयास किया जा रहा है।

## भिलाई शहर में 1415 आवासों का किया जाएगा निर्माण



**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 1415 आवासों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। आवास निर्माण के लिए 15 स्थलों का चयन करते हुए प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति हेतु भेजा गया है। उक्त स्थल का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने किया।

पीएम आवास योजना के तहत भिलाई शहर के कई स्थलों में आवास का निर्माण किया जाना है। आवास निर्माण कार्य पूर्ण होते ही जरूरतमंद हितग्राहियों को नियमानुसार मकान आबंटित किया जाएगा। जिन परिवारों के पास भारत में कहीं भी स्वयं के नाम पर जमीन नहीं है, उनको शासन द्वारा 3.25 लाख रुपये में आवास प्रदान किया जाएगा। वहीं स्लम बस्ती में निवासरत परिवारों को अन्य स्थल में व्यवस्थापन कर 1.45 लाख रुपए में आवास देने का प्रावधान है। आवास निर्माण के लिए अनुष्ठा रेसिडेंशी, खम्हरिया रोड एसबीआई कालोनी में ईडब्लूएस के लिए आरक्षित प्लाट, अविनाश सिटी, जुनवानी रोड नहर किनारे, सूर्या मॉल के पीछे, हाईटेक के बाजू में सीरियल कंस्ट्रक्शन, जुनवानी पेट्रोल पम्प आदि शामिल है।

## कार्यशाला 8 को

**दुर्ग।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में 8 जनवरी को केम्पस ड्राईव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के गुरूग्राम हरियाणा छत्तीसगढ़ लोकेशन के लिए विद्युतकार के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी, श्री राम सीमलैस प्रालि के जोरातराई लोकेशन हेतु आईटीआई विद्युतकार फिटर, टर्नर, कोपा एवं मशीनिष्ट एवं योगराज इंजीनियरिंग कसारीडीह रोड जुनवानी के लिए लैथ आपरेटर, टर्नर के लिए प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया गया है। उक्त प्लेसमेंट मे अप्रेंटिसशिप एवं नियमित पदों पर चयनित किया जाना है।

## नागरिक सहकारी बैंक में बढ़ी गहमागहमी

# 16 समूहों में होंगे चुनाव, 11 को मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग के 16 समूहों में प्रत्यायुक्त सदस्य पद के लिए चुनाव होंगे। जिनमें समूह क्रमांक-20, 47, 63, 75, 81, 93, 96, 98, 102, 105, 106, 107, 111, 113, 116, 117 शामिल है। इन 16 समूहों के चुनाव के लिए कुल 32 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाएंगे। प्रत्याशियों की यह स्थिति सोमवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया खत्म होने के बाद स्पष्ट हुई है। नामांकन वापसी के दिन सोमवार को दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन वापस लिया। जिसमें समूह क्रमांक-1 के प्रत्याशी अखिलेश अग्रवाल और समूह क्रमांक-14 के प्रत्याशी अब्दुल गफ्फार रिजवी के नाम शामिल है। बता दें कि नागरिक सहकारी बैंक के कुल 117 समूहों में चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। जिसके लिए कुल 154 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किए गए थे। जिनमें से 143 नामांकन वैध पाए गए थे। नामांकन वापसी की मियाद खत्म होने पर इन 117 समूहों में से 80 समूहों में प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। इसके अलावा 21 समूहों में किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन दाखिल नहीं किए गए थे। 16 समूहों में निर्वाचन की स्थिति बनी है। मतदान 11 जनवरी को श्री गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज भवन, मोतीपारा में किए जाएंगे। मतदान के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। मतदान सम्पन्न होने के एक घण्टे के पश्चात उसी स्थान पर मतगणना की जाएगी। तदोपरान्त परिणामों की घोषणा की जाएगी। सोमवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारी देवाशीष दास के मार्गदर्शन और रजिस्ट्रार ऑफ को-ऑपरेटिव सोसायटी दुर्ग के कर्मचारियों की देखरेख में पूरी की गई। नामांकन पत्रों की वापसी के दौरान बैंक मुख्यालय हॉस्पिटल वार्ड पचरीपारा में गहमागहमी का माहौल रहा। इस दौरान नागरिक सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष कमलनारायण रुंगटा, राजेश यादव, पवन बड़जात्या, संजय सिंह, सुशील रुंगटा, मनोज ताम्रकार, वेंकट शास्त्री राव, दिलीप देशमुख, राजकुमार वर्मा, रमेश शर्मा, अखिलेश मिश्रा, तेजबहादुर बंछोर, संदीप जैन, धनेन्द्र कांत चंदेल के अलावा अन्य अभ्यर्थी व बैंक से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

- 32 प्रत्याशी आजमाएंगे अपना भाग्य



जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग
मो. 7869433660, 9399486858

### न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला दुर्ग (छ.ग.)
**व्यक्तिगत उपस्थिति समन**

पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 65/अ-70 वर्ष 2024-2025

ओम प्रकाश अग्रवाल आ. स्व. श्री मातादीन अग्रवाल, पता-निवासी चरोदा बस स्टैण्ड के पास. तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) -पुनरीक्षणकर्ता

//विरुद्ध//

01. राजेश कुमार देवांगन, पिता-जुडावन राम देवांगन, पता-उमा डेयरी के पास, गुढ़ियारी, तह व जिला रायपुर (छ.ग.)

02. संजय अग्रवाल आ नामालूम निवासी-चरोदा, तह. भिलाई-03, जिला दुर्ग -उत्तरवादीगण

उपरोक्त वादी / पुनरीक्षणकर्ता द्वारा इस न्यायालय में अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई-03 के रा.प्र 202505103000019/अ-70 वर्ष 2024-2025 में पारित आदेश दिनांक 30.05.2025 से क्षुब्ध होकर यह पुनरीक्षण पेश किया है। प्रस्तुत पुनरीक्षण पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत की अवधारणा के तहत इस न्यायलय द्वारा उत्तरवादी क्रमांक 01 को उमा डेयरी के पास, गुढियारी, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) एवं उत्तरवादी क्रमांक 02 को चरोदा, तह. भिलाई-03. जिला दुर्ग के पते पर सूचना जारी की गई थी। किन्तु उत्तरवादीगण अनुपस्थित रहे। चूंकि उत्तरवादीगणों को समक्ष सुनवाई हेतु अवसर प्रदान किया जाना है।

अतएव इस समन के जरिये उत्तरवादीगणो को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 09.01.2026 को अपर कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 24/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अपर कलेक्टर
दुर्ग

### न्यायालय तहसीलदार खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.)
**समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन**

रा.प्र.क्र. 58/अ-21/2022-23
ग्राम- नहरपाली, तहसील खरसिया

कल्पना सिंह पति प्रदीप कुमार सिंह निवासी ग्राम जगतपुर रायगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.) ..... आवेदक बनाम रंजनी पटेल पति श्री महेन्द्र कुमार पटेल व श्रीमती उमा पटेल पति श्री जगदीश प्रसाद पटेल, दोंनों निवासी ग्राम नहरपाली तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)...... अनावेदक

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 58/अ-21/2024-25 में आवेदक कल्पना सिंह पति प्रदीप कुमार सिंह निवासी जगतपुर रायगढ़, जिला रायगढ़ द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, ग्राम नहरपाली प.ह.नं. 31 तहसील खरसिया स्थित में उसके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 390/4/1 व 390/5/1 कुल रकबा 0.104 हे. परिवर्तित भूमि हैं आवेदक को रकम की आवश्यकता होने से अनावेदकगण श्रीमती रंजनी पटेल पति श्री महेन्द्र कुमार पटेल व श्रीमती उमा पटेल पति श्री जगदीश प्रसाद पटेल दोंनों निवासी ग्राम नहरपाली तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) को विक्रय करने की अनुमति बाबत निवेदन किया गया है। जिसके संबंध में अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय रायगढ़ के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो कि जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई तिथि 09.01.2026 को नियत किया गया है।

उक्त प्रकरण के खातेदार को राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन किया जाता है कि उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनॉक 09.01.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथी बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 26.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार खरसिया

### न्यायालय तहसीलदार खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.)
**समाचार पत्र में ईश्तहार का प्रकाशन**

रा.प्र.क्र. 59/अ-21/2022-23
ग्राम- नहरपाली, तहसील खरसिया

प्रदीप कुमार सिंह पिता राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम जगतपुर रायगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.) .... आवेदक बनाम रंजनी पटेल पति श्री महेन्द्र कुमार पटेल व श्रीमती उमा पटेल पति श्री जगदीश प्रसाद पटेल, दोंनों निवासी ग्राम नहरपाली तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.).... अनावेदक

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 59/अ-21/2024-25 में आवेदक प्रदीप कुमार सिंह पिता राजेन्द्र सिंह निवासी जगतपुर रायगढ़, जिला रायगढ़ द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, ग्राम नहरपाली प.ह.नं. 31 तहसील खरसिया स्थित में उसके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 383/1 व 383/2 कुल रकबा 0.376 हे. परिवर्तित भूमि हैं आवेदक को रकम की आवश्यकता होने से अनावेदकगण श्रीमती रंजनी पटेल पति श्री महेन्द्र कुमार पटेल व श्रीमती उमा पटेल पति श्री जगदीश प्रसाद पटेल दोंनों निवासी ग्राम नहरपाली तहसील-खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.) को विक्रय करने की अनुमति बाबत निवेदन किया गया है। जिसके संबंध में अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय रायगढ़ के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो कि जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिसकी सुनवाई तिथि 09.01.2026 को नियत किया गया है।

उक्त प्रकरण के खातेदार को राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन किया जाता है कि उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनॉक 09.01.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथी बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 26.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार खरसिया

## खबर संक्षेप

### जामगांव आर में तीन दिवसीय मानस गान 9 से

**जामगांव आर।** रामायण समिति की ओर से त्रि दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 9 जनवरी से 11 जनवरी तक बाजार चौक जामगांव आर में किया जा रहा है। उदघाटन समारोह के मुख्यातिथि विधायक भूपेश बघेल एवं समापन समारोह के मुख्यातिथि सांसद विजय बघेल होंगे। उद्घाटन अवसर पर अतिथि मंच पर काग्रेस नेता राकेश ठाकुर ,अशोक साहू,राजेश ठाकुर,उमाकांत चंद्राकर, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला एवं समारोह समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर भाजपा नेता जितेंद्र वर्मा कल्पना नारद साहू ,रामकुमार चंद्राकर, कमलेश साहू, नरेश केला पूर्णेंद्र सिन्हा,मुकेश साहू सरपंच और रूपेंद्र शुक्ला मंचासीन रहेंगे। रंग छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कार्यक्रम 11 जनवरी रविवार रात्रि में होगा।

### जन्मदिन व पुण्यतिथि पर स्कूलों में बांटें खुशियां



**अंडा।** अटल स्मृति सम्मेलन के माध्यम से सभापति श्रद्धा पूरेन्द्र साहू ने जनमानस से एक भावनात्मक और सामाजिक अपील की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने जन्मदिन, बच्चों के जन्मदिन या माता-पिता की पुण्य स्मृति में पूजा-पाठ, यज्ञ-हवन और दान जैसे कार्य करते हैं, उसी प्रकार हमारी अमूल्य धरोहर शासकीय शिक्षा व्यवस्था से जुड़े शासकीय स्कूलों में जाकर सफाई अभियान चलाकर, बच्चों का मुंह मीठा कराकर और उनके साथ खुशियां बांटकर भी इन अवसरों को सार्थक बनाया जा सकता है।

## निधन

### सोमनाथ चावला



**भिलाई।** ईडब्ल्यूएस-310 वैशाली नगर निवासी सोमनाथ चावला का निधन 5 जनवरी हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 जनवरी को दोपहर 1 बजे निवास स्थान से राम नगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

### एस सत्यवती



**भिलाई।** पंचशील नगर पूर्व, वार्ड 23 के पार्षद एस वेंकट रमना की मां एस सत्यवती (80 वर्ष) का सोमवार निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को चरोदा बस्ती स्थित मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा।

### किशोर कुमार साहू



**दुर्ग।** केलाबाड़ी साहू सदन दुर्ग के समीप निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक किशोर कुमार साहू (65 वर्ष) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम बड़े खुरसुल में किया गया। वे सरोज साहू के पति, शिशिर, डॉ. निखिल साहू के पिता, भुवनलाल साहू के भाई थे।

### दिनेश कुमार देशमुख



**भिलाई।** लक्ष्मी टाउन एफ 12 निवासी दिनेश कुमार देशमुख 57 वर्ष पिता स्व. जवाहरलाल देशमुख पिनकापार वाले का 5 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 जनवरी को 12 बजे रिसाली स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे हेमलता देशमुख के पति व तनु देशमुख, कंचन देशमुख पिता थे।

### सुंदर बाई बुरड़



**दुर्ग।** सुंदर बाई बुरड़ पत्नी स्व. तारा चंद बुरड़ का निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा 6 जनवरी की सुबह 11.30 बजे हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा निवास स्थान बुरड़ निवास गवली पारा से निकलेगी। वे विनोद कुमार की मां थी। परिवार के सदस्यों पारसमल, नेमीचंद , ज्ञानचंद, लीलमचंद ,राजेशकुमार, डॉ. जीनेश, डॉ. यश, श्रेयांस, दीव्यांश, वंश ने बताया कि अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे निकलेगी।

---

**धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण : आधी अधूरी व्यवस्था से आक्रोश**

# टोकन नहीं मिलने से किसान परेशान पूर्व मंत्री ताम्रध्वज ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**31 जनवरी तक किसानों का एक-एक दाना धान लेने का सरकारी वादा और दावा दोनों फेल**





दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्रों में किसानों को हो रही समस्याओं का जायजा लेने सोमवार को प्रदेश पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने ग्राम गनियारी एवं ग्राम नगपुरा धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी परेशानियां सुनीं। किसानों ने बताया कि उन्हें समय पर टोकन नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण धान बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि प्रशासन किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में किसानों को धान विक्रय के दौरान अनेक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

साहू ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का न तो समय पर खरीदी लाभ मिल पा रहा है और न ही उचित मूल्य। उन्होंने तौल में भी गड़बड़ी की शिकायतों को गंभीर बताया। निरीक्षण के दौरान गनियारी निवासी किसान ने बताया कि उसके पास लगभग 50 क्विंटल धान उपलब्ध है, लेकिन उसे मात्र 15 क्विंटल धान बेचने का ही टोकन दिया गया है। हमारी कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में किसानों का दाना-दाना धान खरीदा जाता था। वहीं उन्होंने खरीदी सीमा (लिमिट) बढ़ाने की मांग रखी। धान खरीदी की लिमिट कम होने के कारण ही किसान अपनी पूरी उपज नहीं बेच पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इस दौरान अध्यक्ष हस्त शिल्प केश कला बोर्ड नंद कुमार सेन, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ रिवेन्द्र यादव, जनपद सदस्य मिलनतिन ठाकुर, जनपद सदस्य राजेन्द्र ठाकुर,प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस कृष्णा देवांगन, पूर्व अध्यक्ष सरपंच संघ मुकुंद पारकार, रोहित साहू, रविंद्र सिन्हा, कैलाश सिन्हा, परमानंद साहू, सरपंच प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू, लालजी गुप्ता, रिझझन ठाकुर, बंशी देवांगन, ताम्रज सिन्हा, पूर्व सरपंच टेकराम देशमुख, भीषम धनकर, नंद देशमुख सुरेश सिंहा, संदीप जैन सहित किसान गण उपस्थित थे।

### धान की मीलिंग करने में राइस मिलरों ने जताई है असमर्थता

उन्होंने कहा कि धान मिलिंग के लिए हमारी कांग्रेस सरकार ने प्रति क्विंटल 120 रुपए देने का निर्णय लिया था, जिसका परिणाम यह हुआ था कि प्रदेशभर में 700 नई राइस मिलें खुली थीं। अब सरकार ने मिलर के लिए 120 रुपए को घटाकर 60 रुपए कर दिया है, इस कारण राइस मिलर हड़ताल पर थे धान सोसायटी में जाम है, मिलरों को 120 की जगह 60 रुपए देने के फ़ैसले के बाद विभिन्न जिलों में राइस मिलर एसोसिएशन धान की मीलिंग करने में असमर्थता व्यक्त करने लगे हैं।

### धान खरीदी केंद्रों में जारी नहीं हो रहा टोकन, हो रही दिक्कत

पूर्व गृहमंत्री श्री साहू ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है। अभी वर्तमान में समिति में 31 जनवरी तक टोकन कट गया है जबकि हर समिति 200 से अधिक किसानों ने अब तक टोकन नहीं मिला है आनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को महीनों बाद भी टोकन नहीं मिल रहा है। धान की कीमत का भुगतान 3217 रुपए प्रति क्विंटल में करें, क्योंकि 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रुपए से बढ़ाकर 3217 रुपए किया जाए। कांग्रेस के समय भी कांग्रेस ने धान का समर्थन मूल्य 2500 देने का वादा किया था, लेकिन समर्थन मूल्य बढ़ने पर कांग्रेस ने 2640 रुपए में धान खरीदा था। भाजपा द्वारा किसानों को एकमुश्त भुगतान का वादा किया गया था पर वर्तमान में केवल 2300 के दर से भुगतान किया जा रहा है, बारदाना का मानक वजन 640 ग्राम बताया जा रहा है मौके में बोरे का वजन केवल 540 ग्राम था बोरा भी अमानक है जिसका भुगतान भी किसानों को ज्यादा धन दे कर चुकाना पड़ रहा है।

---

## विराट हिंदू सम्मेलन में संतों का मिला आशीर्वाद, युवाओं ने किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सनातन धर्म की एकजुटता और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में में संत महात्मन्य, सामाजिक प्रमुखों और क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों ने शिरकत की।

सम्मेलन की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच पर उपस्थित पूज्य संतों ने अपने संबोधन में धर्म के संरक्षण, संस्कारों के महत्व और समाज में आपसी भाईचारे पर विशेष जोर दिया। समाज प्रमुखों ने भी अपने विचार साझा करते हुए हिंदू समाज को संगठित होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। इस सम्मेलन का मुख्य आकर्षण युवाओं का उत्साह रहा। केवल वैचारिक चर्चा ही नहीं, बल्कि सेवा भाव का परिचय देते हुए सम्मेलन स्थल पर आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं पचास से आधिक युवाओं ने जरूरतमंदों की मदद के लिए रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने अनुशासन के साथ व्यवस्था संभाली और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प लिया। विभिन्न समाजों के प्रमुखों की मौजूदगी ने एकता का संदेश दिया। वहीं पाटन के अलावा आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

## छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक, समग्र शिक्षक फेडरेशन का जंगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले आज शिक्षकों ने अपनी लंबित एवं जायज़ मांगों को लेकर जंगी प्रदर्शन किया तथा संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय, दुर्ग का घेराव किया। बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षकों ने विभाग की उदासीन नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की।

- संयुक्त संचालक दुर्ग कार्यालय का किया घेराव

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों की पदोन्नति, वरिष्ठता सूची एवं शैक्षणिक अधिकारों से जुड़े मामलों में विभाग द्वारा लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्रमुख मांगें मिडिल प्रधान पाठक की शीघ्र पदोन्नति की जाए। सहायक शिक्षक एलबी से शिक्षक एलबी पदोन्नति हेतु वरिष्ठता सूची का तत्काल प्रकाशन किया जाए।

वीएसके शिक्षक उपस्थिति ऐप को निजी मोबाइल में इंस्टॉल कराने की अनिवार्यता समाप्त की जाए।

वहीं पिछले तीन वर्षों से लंबित परीक्षा अनुमति शीघ्र प्रदान की जाए। फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विभागीय प्रशासन की होगी। छत्तीसगढ़ सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन प्रांताध्यक्ष रविंद्र राठौर, बसंत कौशिक, कौशल अवस्थी, देवेंद्र हरमुख, चंद्रप्रकाश तिवारी, अशोक कुमार धुर्वे, कृष्ण कुमार वर्मा, रमेश कुमार साहू, राजकुमार यादव, एलेन्द्र यादव, पोखन साहू, प्रेम नारायण शर्मा, चेतन सिंह परिहार, सतीश चंद्राकर, उत्तम ठाकुर, देव यादव, कीरथ गनवीर, सूरज शर्मा, ललित प्रताप सिंह, हीरा लाल मौर्य, सुनील कुमार साहू सहित दुर्ग संभाग के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गुरु घासीदास का विचार आज भी प्रासंगिक : सांसद बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



ग्राम औंसर में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा में डीजे, अखाड़ा और पंथी नृत्य के साथ सतनामी समाज के लोग और ग्रामीणजन शामिल हुए। पंथी नृत्य प्रतियोगिता के दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अशोक साहू विधायक प्रतिनिधि जिला पंचायत दुर्ग, संतराम कुर्रे अध्यक्ष तहसील सतनामी समाज पाटन, राजेश ठाकुर सरपंच निपानी, सोहन जोशी, प्रियालता महिपाल सरपंच ग्राम पंचायत औंसर, रमौतीन भारती पूर्व सरपंच औंसर, पवन डहरे, राज बांधे, गौरव कौशल शामिल हुए। अशोक साहू ने कहा कि बाबा जी के बताए मार्ग समस्त मानव समाज के लिए कल्याणकारी है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, खेमलाल देशलहरे सभापति जनपद पंचायत पाटन, कमलेश साहू मंडल अध्यक्ष जामगांव आर, पूर्णेन्द्र सिन्हा महामंत्री, प्रियालता महिपाल सरपंच ग्राम पंचायत औंसर उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि विजय बघेल ने कहा कि गुरु घासीदास ने संपूर्ण मानव समाज को एकता के सूत्र में पिरोकर सत्य के रास्ते पर चलने का संदेश दिया, बाबा जी का विचार आज भी प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर सतनामी समाज औंसर के गोवर्धन भारती अध्यक्ष, कल्याण भारती, संतोष महिपाल, विदेशी राम चतुर्वेदी, सुरेन्द्र गायकवाड़, कुमार सिंह चतुर्वेदी, गुलाब बंजारे आदि उपस्थित थे।

### पाटन नगर में मीना बाजार शुरू

**पाटन।** लगभग 21 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद नगर पंचायत पाटन में पुनः मंडई मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रेस्ट हाउस के पीछे स्थित मैदान में आकर्षण का केंद्र बने मीना बाजार का विधिवत शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने पूजा-अर्चना के साथ किया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति केवल देवांगन, सभापति जितेंद्र निर्मलकर, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल, पार्षद प्रतिनिधि नेहा बाबा वर्मा, रीना भाले, योगेश सोनी, मिलना देवांगन, लोकेश पटेल सहित मीना बाजार के संचालक एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

**विधायक ललित चंद्राकर ने पात्र हितग्राहियों को किया वितरण**

## डुण्डेरा में 100 महिलाओं को मिला गैस सिलेंडर और चूल्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डुण्डेरा में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पात्र 100 हितग्राहियों को गैस सिलेंडर और चूल्हा वितरित किया गया। कार्यक्रम में वितरण का कार्य दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर द्वारा किया गया। गैस कनेक्शन मिलने से रसोईघर धुआं मुक्त होने के साथ ही लकड़ी व गोबर जैसे पारंपरिक ईंधन से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं में कमी आएगी।

विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि उज्वला योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। मोदी गारंटी के तहत विष्णुदेव साय सरकार द्वारा महिलाओं को हर माह 1000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। पात्र हितग्राही केसरी साहू, किरण साहू, तम्मी बंजारे, लक्ष्मी दुबे, रामेश्वरी कामड़े, भद्रा यादव, तारकेश्वरी चंद्राकर, बिमला साहू, मेनका साहू और सुखमनी यादव ने गैस सुविधा मिलने पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि गैस कनेक्शन से स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, साथ ही समय और श्रम की बचत भी हो रही है। महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधायक ललित चंद्राकर और पार्षद विक्की चंद्राकर के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू, पूर्व सभापति लुमेश्वर चंद्राकर, वार्ड पार्षद खिलेंद्र विक्की चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल, नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र कुमार साहू, पार्षद हरीश नायक, छाया पार्षद दुर्गेश साहू, सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत सोनवानी सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## अंचल की खबरें

### परिवार के सभी सदस्यों के नाम किया पौधरोपण



**उतई।** ग्राम डुन्डेरा निवासी डिजेन्द्र यदु, किरण यदु एवं उनके परिवार ने भागवत कथा उपरांत पौधरोपण किया। उल्लेखनीय है कि यह संकल्प उन्होंने केबीसी में अमिताभ बच्चन के हाथो फोर्स फॉर गुड हीरोस से सम्मानित पर्यावरण कार्यकर्ता रोमशंकर यादव व हितवा संगवारी संस्था की मुहिम से प्रेरित होकर लिया था। जिसके अनुरूप डुन्डेरा नर्सरी पहुंचकर उन्होंने अपने पुत्र पूर्णानंद, बहु वर्षा , बेटी डॉली एवं नाती हार्दिक के साथ परिवार के हर सदस्य के नाम पर पौधरोपण किया। उन्होंने हितवा संगवारी संस्था के रोमशंकर यादव, राजेश चंद्राकर, हरीश साहू, टिकेश्वर सार्वे, कौशल साहू, देवा यदु आदि के साथ मिलकर आम, पीपल, बरगद एवं पारस पीपल के पौधे रोपित किए।

### वार्षिकोत्सव में डोमशेड की सौगात दी विधायक ने

**उतई।** शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय उतई में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि थे। वार्षिकोत्सव के दौरान विभिन्न स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन के करने वाले छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने साइंस मॉडल की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्कूली छात्राओं द्वारा विज्ञान से संबंधित एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए। विधायक चंद्राकर ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा और गुरुजनों की मांग को सहजता से स्वीकार करते हुए शाला परिसर में डोम शेड निर्माण की घोषणा की। इस दौरान प्रमुख रूप से उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू उतई मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, पार्षद सोनू राजपूत, सुनीता चंद्राकर, संगीता रजक ,विजय लक्ष्मी साहू, हूबी राम , लक्ष्मीनारायण साहू,महामंत्री चंदू देवांगन, मंत्री रूपेश पारख, दानेश्वरी देशमुख, सुनीता वर्मा ,नीलम गाढ़े,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी ,राधिका हिरवानी ,देवचरण हिरवानी, नोमेश्वरी हिरवानी ,लखन लाल हिरवानी ,सतीश पारख बहादुर सिंह नेताम, ओ पी चंद्राकर , प्राचार्य चंद्रकिरण साहू व्याख्या साधना अग्रवाल, एल साहू, आर के बारले, सुश्री संगीता राय, किरण शर्मा ,संतोष साहू, नमिता बंसल ,शिखा रानी ,ओम लता, अंजना चंद्राकर, ईश्वर लाल ,मोती लाल साहू ,मुकेश कुमार, सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं नगरवासी उपस्थित रहे।

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरे रंग



**अंडा।** सनराईस पब्लिक स्कूल अंडा में नये वर्ष के अवसर पर फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रो को प्रतियोगिता के लिए विभिन्न प्रकार के थीम दी गई। जिसमें छोटे छोटे बच्चों ने थीम के अनुसार विभिन्न वेश धारण किए। सभी छात्र रंग-बिरंगे आकर्षक परिधानों में बहुत ही आकर्षक दिखाई दे रहे थे। दर्शकों ने भी सभी प्रतिभागियों का तालियों से उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य जितेन्द्र साहू ने कहा कि हमारे स्कूल में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन समय समय पर किया जाता है। प्रतियोगिता में छोटे बच्चों को उनकी उनकी शानदार प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण जितेन्द्र साहू, हेमेंद्र साहू, नरेश विश्वकर्मा, काजल साहू, दिनेश्वरी चंद्राकर, किरण, सुमन, लता, हिमानी,ज्योति साहू, और सहायिका देविका निर्मलकर सहित पालक गण एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### बाल टेनिस प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक



**उतई।** नगर के आदर्श नगर निवासी चेतना साहू पिता भुनेश्वर साहू ने अंतर्राष्ट्रीय बाल टेनिस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करने के पश्चात नगर पंचायत उतई के सांसद प्रतिनिधि मोरध्वज वर्मा ने सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाकात कराया। सांसद विजय बघेल ने उतई ने नाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने पर शुभकामनाएं दिया साथ ही मुख्यमंत्री सहायता कोष से 2 लाख रुपए दिलाने का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा नगर के श्री राम दरबार मंदिर पाटन पुल में ज्योति कक्ष निर्माण के लिए सांसद निधि से राशि भी स्वीकृत किया है। इस दौरान उतई भाजपा मंडल महामंत्री चंदू देवांगन, सांसद प्रतिनिधि मोरध्वज वर्मा, ममता चंद्राकर, पार्षद संगीत रजक, भुनेश्वर साहू मौजूद थे।

### शिक्षा मंत्री गजेंद्र का जामगांव आर में हुआ स्वागत



**जामगांव आर।** स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के जामगांव आर में प्रथम आगमन पर किसान चौक जामगांव आर में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। मंत्री यादव ने बटरेल में जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक उत्सव समारोह में जाते समय जामगांव आर में कार्यकर्ताओं से भेंट किए। स्वागत सम्मान करने वालो में पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, साहू समाज तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, जिला मंत्री शैलेंद्री मंडावी, समाजसेवी त्रिवेणी साहू, शासकीय कॉलेज जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला, सेजस एसएमडी अध्यक्ष अंगेश्वर साहू, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक एके जैन, पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू, सोसायटी अध्यक्ष भगवान चंद्राकर, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर , उपसरपंच मुकेश साहू, मेघनाथ सागरवंशी, टेमन सपहा, देवेंद्र साहू, किरण यादव आदि मौजूद थे।

# हजारों ठेका मजदूरों पर बढ़ रही बीएसपी की निर्भरता, मात्र छह हजार बचेंगे कर्मचारी

## एक्सपांशन प्रोजेक्ट व उत्पादन में श्रमिक निभाएंगे बड़ी भूमिका, यूनियनों ने कहा- कर्मियों की तरह मिले वेतन व अन्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के टुकड़े टुकड़े में निजीकरण के बढ़ते विरोध के बीच मेन पावर क्राइसेस अब बीएसपी के साथ सेल प्रबंधन के लिए भी विकट समस्या बनती जा रही है। निरंतर कम हो रहे कर्मचारियों का खामियाजा कर्मियों के साथ ठेका मजदूरों को भी भुगतना पड़ रहा है। यूनियनों द्वारा ठेका मजदूरों पर बीएसपी की बढ़ रही निर्भरता को भविष्य को देखते हुए अब इन्हें नियमित वर्कर्स की तरह वेतन और सुविधाएं बढ़ाने की मांग की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सेल की सबसे बड़ी यूनिट होने के कारण बीएसपी से सेल को भारी अपेक्षा है। एक्सापांशन प्रोजेक्ट और उत्पादन विस्तार लक्ष्य को पूरा करने के लिए बीएसपी पर दबाव है। लक्ष्य को पूरा करने में बीएसपी का बड़ा योगदान होगा। इसमें कर्मचारियों की बड़ी भूमिका होगी। लेकिन पिछले एक दशक से अधिक समय से बीएसपी में नए कर्मियों की भर्ती नगण्य होने से लगातार कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ठेका मजदूरों की संख्या बढ़ती जा रही है। श्रमिक संगठनों के मुताबिक मजदूरों पर प्रबंधन की निर्भरता के साथ वर्कलोड भी बढ़ रहा है। लेकिन सुविधाओं और वेतन वृद्धि को लेकर प्रबंधन लंबी उदासी ओढ़े हुए हैं। सीटू के जगन्नाथ त्रिवेदी बताते हैं कि सेल प्रबंधन ने आगे बीएसपी में सिर्फ 6 हजार कर्मचारी रखने का लक्ष्य दिया है। स्पष्ट है उत्पादन व मेंटेनेंस सहित सभी कार्यों मे ठेका मजदूरों पर संयंत्री की निर्भरता बढ़ेगी। इस हिसाब से वेतन व सुविधाएं नियमित कर्मियो की तरह होना जरुरी है।

### मात्र नौ हजार नियमित व 25 हजार मजदूर हैं कार्यरत

बीएसपी में कर्मियों की भर्ती बंद होने और हर माह रिटायर होने से इनकी संख्या कम होती जा रही है। वर्तमान में मात्र नौ हजार कार्मिक ही बचे हैं। जबकि ठेका मजदूर 25 हजार हो चुके हैं। एक डेढ़ साल बाद नियमित मात्र छह सात हजार ही बच रहेंगे। इसक साथ ही उच्च व लोकल प्रबंधन की काम लेने व उत्पादन व गैर उत्पादन वर्क को लेकर परेशानी बढ़ती जाएगी। संयुक्त यूनियन इसे देखते हुए ठेकाकरण या निजीकरण के विरोध के साथ ठेका मजदूरों को नियमित कर्मचारी एस- 11 ग्रेड के बराबर वेतन, बोनस व एरियर्स आदि सुविधाए तय करने की मांग कर रही हैं।



### मजदूरों की चौतरफा उपेक्षा

बीएसपी में काम करने वाले ठेका मजदूरों वर्षो से चौतरफा उपेक्षा हो रही है। वेतन चार पांच हजार है बोनस 70 प्रतिशत को नही मिलता है । यूनियनों के मुताबिक विरोध करने वाले मजदूरों का गेट पास ठेकेदार छीन लेते हैं। कई का पीएफ भी नहीं कटता है और ठेकेदार विभाग बदलता रहता है और सेफ्टी उपकरण भी देने में कोताही बरतता है। इसके चलते मजदूरों की दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक के महासचिव व ठेका श्रमिक संघ के अध्यक्ष संजय साहू बताते हैं कि एनजेसीएस की बैठक में ठेका मजदूरों के वेतन समझौता की मांग की गई थी। उन्हें एस- 11 के बराबर वेतन दिलाने की जरुरत है। इससे उनका जीवन स्तर ऊपर उठेगा।

## खबर संक्षेप



### ऑनलाइन टूर एडवांस व बिल आवेदन प्रणाली शुरू

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के डिजिटल परिवर्तन की दिशा में सीएंडआईटी विभाग द्वारा ऑनलाइन टूर एडवांस एवं बिल आवेदन प्रणाली का विनिर्माण किया गया है। प्रणाली का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम और ईडी पवन कुमार द्वारा ने किया। उन्होंने इसे कर्मचारी-हितैषी, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान बताया। इस नई डिजिटल प्रणाली के माध्यम से कर्मचारी अब टूर एडवांस और टूर बिल के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इससे वेतन विभाग में भौतिक रूप से आवेदन जमा करने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। आवेदन की प्रत्येक अवस्था में पारदर्शिता, वास्तविक समय में स्थिति की जानकारी, न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप तथा त्वरित निपटान सुनिश्चित होगा।
यह प्रणाली विकसित करने में महाप्रबंधक संदीप झा सहित वरिष्ठ प्रबंधक इरफान सिद्दीकी तथा इंजीनियरिंग एसोसिएट शिवानी वज़ालवार का योगदान रहा। कार्यक्रम में सीजीएम समीर गुप्ता, पीकचोखानी, जीएम प्रभारी जेएन ठाकुर, महाप्रबंधक नीना जायसवाल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### वेदराम ने संभाला प्रभारी प्राचार्य का कार्यभार



**भिलाई।** वेदराम जांगड़े ने सेजस देवादा में प्रभारी प्राचार्य का कार्यभार संभाल लिया है।इस दौरान रिटायर्ड प्रिंसिपल सुनीता सिन्हा, लेक्चरर उषा भौतमांगे, स्मृति कुशवाहा,निमिषा कश्यप, संगीता शर्मा, सुदीप्ता विश्वास, खुशबू सिंह, पीटीआई उषा श्रीरंगे, सहायक शिक्षक देवकुमार नेताम, रूपमती साहू, लिपिक निवेदिता देशपांडे एवं भृत्य शिवकुमार वर्मा उपस्थित थे।

### धनंजय दुर्ग जिला साहू संघ व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक नियुक्त

**दुर्ग।** दुर्ग जिला साहू संघ अध्यक्ष नंदलाल साहू ने रविवार को संघ कार्यालय साहू सदन केलाबाड़ी में अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। उन्होंने समाज के धनंजय लल्लन साहू को जिला साहू संघ के व्यापार प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया है। समाज ने आशा व्यक्त की है कि वे सामाजिक नियमावली व मान्य परंपराओं को पालन करते हुए सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

## नशा छुड़ाने वाला सेंटर बना नशेड़ियों का ठिकाना, सुपेला के सिविल अस्पताल में बढ़ी चिंता

# ओएसटी सेंटर के स्थानांतरण का आदेश 5 माह से है लंबित, लोग कर रहे विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के ओएसटी नशामुक्ति केंद्र को लेकर फिर सवाल खड़े हो गए हैं। शनिवार को अस्पताल परिसर से एक युवक को नशीली दवा लेकर बाहर निकलते समय लोगों ने पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। युवक के पास से चार शीशी एविल इंजेक्शन और एक कागज की पुड़िया में ओएसटी पाउडर मिला था। भाजपा नेत्री स्वीटी कौशिक ने सुपेला थाने में ज्ञापन सौंप ओएसटी सेंटर के डॉक्टर और स्टाफ कार कार्रवाई की भी मांग की है।

ओएसटी सेंटर से दवा खाकर वहीं सेवन करने के बजाय कुछ लोग दवा लेकर बाहर निकल जाते हैं। बाद में एविल इंजेक्शन और ओएसटी पाउडर को मिलाकर शरीर में इंजेक्ट किया जाता है। नशा छुड़ाने के लिए बनाए गए इस केंद्र ने धीरे-धीरे नशेड़ियों का अड्डा जैसा रूप ले लिया है। अस्पताल प्रबंधन से लेकर आसपास के रहवासी कई बार इस केंद्र को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग कर चुके हैं। जानकारी के अनुसार ओएसटी सेंटर को शिफ्ट करने का आदेश करीब पांच माह पहले जारी हो चुका है, लेकिन इसके बाद भी केंद्र अभी तक उसी स्थान पर संचालित हो रहा है। बताया जाता है कि आदेश की कॉपी को ओएसटी सेंटर के इंचार्ज डॉ. मुनिष भगत उसे लेने से मना कर दिया है। शनिवार की घटना के बाद फिर स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ओएसटी सेंटर को जल्द दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नशा छुड़ाने के नाम पर ओएसटी सेंटर में युवाओं को नशे का और आदी बनाया जा रहा है। नियम के मुताबिक दवा को ओएसटी सेंटर में खिलाया जाना है, लेकिन नशेड़ी उसे लेकर बाहर आ जाते हैं और फिर उसे एविल में डालकर अपने शरीर में इंजेक्ट करते हैं।

### आरोप- नशा छुड़ाने की जगह बनाया जा रहा आदी






### लंबे समय से चला आ रहा है नशे का खेल

सन 2024 के दिसंबर माह में पद्मनाभपुर पुलिस ने नशे की दवा के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया था। इस दौरान नशा मुक्ति केन्द्र में मिलने वाले ओएसटी पावडर का गलत इस्तेमाल करने की बात सामने आई थी। लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के नशामुक्ति केंद्र से नशे का ये खेल लंबे समय से चला आ रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार ये नशा बहुत खतरनाक है।

### पुलिस ने ओएसटी सेंटर के डॉ. भगत को दी थी चेतावनी

तत्कालीन पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक तापेश नेताम के नेतृत्व में एसीसीयू की टीम को कार्रवाई के लिए लगाया गया था। टीम द्वारा एविल इंजेक्शन और ओएसटी पावडर को मिला कर इंजेक्शन के माध्यम से नशा करने वाले पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में 4 युवकों को नशा का सेवन करते पकड़ा था। पूछताछ में युवकों ने बताया कि एविल इंजेक्शन मेडिकल में मिल जाता है, नशे का पाउडर ओएसटी सेंटर से लाकर उसमें मिलाकर वो लोग उसे अपनी नश में इंजेक्ट करते हैं। इसके बाद नशा मुक्ति केन्द्र सुपेला के डॉ. मुनिष भगत को दवा को लेकर गंभीरता बरतने की चेतावनी दी गई थी।

### आदेश के बाद भी शिफ्ट नहीं हुआ ओएसटी सेंटर

5 माह पहले 10 अगस्त 2025 कार्यालय परियोजना संचालक छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति स्वास्थ्य भवन नया रायपुर से लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला में संचालित ओएसटी सेंटर को 10 बिस्तर आईसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किए जाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बाद भी ओएसटी सेंटर वहीं का वहीं संचालित हो रहा है।

### स्टाफ व मरीज परेशान



लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में संचालित ओएसटी नशा मुक्ति सेंटर से वहां के स्टॉफ और मरीज ही नहीं परेशान है। हालत यह है कि इसके यहां से नहीं हटने की बात को लेकर अब यहां के प्रभारी डॉ. पीयाम सिंह ने भी अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। कलेक्टर, स्वास्थ्य मंत्री और कई बड़े अधिकारियों के कहने के बाद भी यह पुरानी जगह ही संचालित हो रहा है। डॉ. पीयाम ने कहा कि ओएसटी सेंटर होने के कारण अस्पताल परिसर नशेड़ियों और असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। इसका सीधा असर मरीजों और स्टाफ दोनों पर पड़ रहा है।

# बीआरएम की तीन टीमों ने एक्सीलेंस अवार्ड जीता टीमवर्क को मिली सराहना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) विभाग की तीन टीमोम आरोहण, उन्नयन और सारथी ने दिसंबर महीने में ग्रेटर नोएडा में आयोजित नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी सर्कल्स (एनसीक्यूसी – 2025) में देशभर से भाग लेने वाली टीमों के बीच टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पार एक्सीलेंस अवार्ड अर्जित किया।

■ किए उत्कृष्ट प्रदर्शन

टीम आरोहणने इंटीग्रेटेड सेफ्टी सर्कल श्रेणी में प्रस्तुति देकर पार एक्सीलेंस अवार्ड अपने नाम किया। टीम का मार्गदर्शन उप महाप्रबंधक विजी मथाई (फैसिलिटेटर) ने किया। टीम में अपु बेहेरा (टीम लीडर), एन सतीश कुमार (डिप्टी लीडर) तथा मनोज कुमार, चंदन सिंह ल एम श्रीनू सदस्य हैं। इसी क्रम में टीम उन्नयन ने लीन क्वालिटी सर्कल श्रेणी में यह अवार्ड प्राप्त किया। टीम का नेतृत्व वरिष्ठ प्रबंधक राजुल पाण्डेय (फैसिलिटेटर) ने किया। एनसतीष कुमार (टीम लीडर) व अपु बेहेरा (डिप्टी लीडर) सदस्य हैं। टीम "सारथी" ने क्वालिटी सर्कल श्रेणी में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए एक्सीलेंस अवार्ड" हासिल किया। टीम का मार्गदर्शन उप प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी (फैसिलिटेटर) ने किया। टीम में दीपेश कुमार चुघ (टीम लीडर), धनराज साहू (डिप्टी लीडर) और शुभम शिंदे, श्री कुंते लाल व यशवंत कुमार शामिल रहे।

### सामूहिकता से मिला अवार्ड : शास्त्री

विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना बीआरएम की सुदृढ़ कार्यसंस्कृति और सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है। टीम सदस्यों ने इस सफलता का श्रेय योगेश शास्त्री के प्रेरक नेतृत्व के साथ-साथ बीआरएम के वरिष्ठ अधिकारियों महाप्रबंधक एसएन त्रिपाठी, शाश्वत मोहंती, समीर पांडे व शिखर तिवा को दिया।

## अवैध होर्डिंग्स हटाने की मुहिम शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा सोमवार से टाउनशिप के मार्गों और चौकों में लगे अवैध होर्डिंग्स हटाने का अभियान शुरु कर दिया गया है। विभागीय कर्मियों द्वारा सेंट्रल एवेन्यू के किनारे विभिन्न स्थानों पर लगाए गए अनधिकृत होर्डिंग्स, पोस्टर्स व बैनर आदि हटाए गए। लोगों को अवैध बैनर आदि नहीं लगाने की अपील भी गई। विभाग द्वारा टाउनशिप की सुरक्षा व सुंदरता को कायम रखने के लिए सभी राजनीतिक,सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों से अभियान को सहयोग देने की अपील की गई है।

## गहमागहमी के बीच इंटक का चुनाव, महासचिव बने संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ जंबो कार्यकारिणी से संगठन को मजबूत करने का लिया गया संकल्प



स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक का त्रैवार्षिक चुनाव ( 2026-29 रविवार को सेक्टर 4 यूनियन कार्यालय में गहमागहमी के माहौल में हुआ। अध्यक्ष पद पर डॉ. जी संजीव रेड्डी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जबकि संजय कुमार साहू ने पूर्व महासचिव वंश बहादुर सिंह को 13 वोट से पराजित कर विजय प्राप्त की। दूसरी बार महासचिव चुने गए श्री साहू ने कहा कि अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करने के साथ बीएसपी कर्मियों की लंबित समस्याओं के निदान के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा। यूनियन के आंतरिक संगठन चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी इस प्रकार हैं-अतिरिक्त महासचिव शिव शंकर सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, जी. आर. सुमन,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार मार्टिन, गिरीराज देशमुख, सच्चिदानंद पाण्डेय, तुरिंदर सिंह,उपाध्यक्षसुरेश श्यामकुंवर, कौशलेन्द्र सिंह, अर्जुन कुमार, विश्वनाथ सिंह साहू, रमाशंकर सिंह, जेके सूर्यवंशी, रामजीत सिन्हा, मानिक राम जनेन्द्र, कोषाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा,सहायक कोषाध्यक्ष जयराम ध्रुव हैं। उप महासचिव रेशम लाल राठौर, के. रमन मूर्ति, ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय, श्याम बहादुर सिंह, सीपी. वर्मा, ताम्रध्वज सिन्हा, गुरुदेव साहू, राज कुमार,वरिष्ठ सचिव डीपी. खरे, राम मूर्ति, मलय कुमार बनर्जी, गणेश कुमार सोनी, रवि शंकर, गोविन्द राम राठौर,सचिव अजीत मोहन सोनी, अशोक कुमार चन्द्राकर, अनिल कुमार पारखे, अजय कुमार साहू, ए. डी. राव, भावेश कुमार बारीक, भवानी लाल देवांगन, बेलदास तांडी, जे. बेन्जामिन, के. डी. कुरैशी, लक्ष्मीनारायण जायसवाल, ललित कुमार साव, मनोज कुमार कुलदीप, महेश कुमार साहू, नरेश कुमार वर्मा, नरेन्द्र सिंह भागर, प्रेमनाथ, राजकुमार, राजेश सिसोदिया, रॉबिन्सन, एस. पी. सिंह, श्रवण पाण्डेय, एसजी चौहान, सुनील सहारिया, संतोष कुमार ठाकुर, सरोज राठौर, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, विसेंट परेरा चुने गए।

### लंबित मुद्दों के लिए होगा संघर्ष तेज : साहू

चुनाव में कुल 216 प्रतिनिधियों में से 209 प्रतिनिधियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इससे पूर्व चुनावी प्रक्रिया में 216 प्रतिनिधि तथा 86 कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए थे।महासचिव पद पर संजय कुमार साहू के निर्वाचित होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जी संजीव रेड्डी, राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश इंटक अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सहित सेल के विभिन्न संयंत्रों से इंटक नेताओं ने फोन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं।महासचिव संजय कुमार साहू ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के वेतन समझौते से जुड़े लंबित मुद्दों, 39 माह के एरियस, तथा कर्मवीरों के अधिकारों, हितों और सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए यूनियन निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

## माहभर चलेगा अभियान, चालकों को ट्रैफिक नियम पालन करने हिदायत भी

# हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने वालों को गुलाब फूल किया भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सड़क सुरक्षा सप्ताह के पांचवा दिन हेलमेट व सीट बेलट का उपयोग करने वाले चालकों को ट्रैफिक पुलिस ने गुलाब फूल भेंट किया। अभियान 1 से 31 जनवरी तक जिला स्तरीय चलेगा। दुर्ग, भिलाई, कुम्हारी क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों ने चालकों को सम्मानित किया। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस ने हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। दुर्ग बस स्टैंड एवं पटेल चौक में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने यातायात जिंगल का प्रसारण शुरू किया गया, जिसमें हेलमेट पहने, सीट बेल्ट पहने, नशे में वाहन ना चलाने, गलत पार्किंग ना करने, यातायात नियमों का पालन कर वाहन चलाने अपील की गई। ट्रैफिक पुलिस जवानों ने चौक-चौराहों पर खड़े होकर ट्रैफिक नियमों की जानकारी भी दिया। इसके अलावा लाइसेंस, दो पहिया वाहन में तीन सवारी समेत अन्य जानकारी देकर जागरुक किया।



### पुलिस कर्मियों का कटा चालान

एसएसपी विजय अग्रवाल जिले में पदस्थ होते ही दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट अनिवार्य और चार पहिया वालों को सीट बेल्ट लगाना जरुरी कर दिया था। इस दौरान पुलिस विभाग में पदस्थ प्रधान आरक्षक चालक सुशील प्रजापति, रक्षित केन्द्र दुर्ग प्रधान आरक्षक भागवत प्रसाद, थाना अण्डा आरक्षक सुनील साहू, थाना रानीरातई आरक्षक कमलेश देशमुख, थाना दुर्ग आरक्षक क्रमांक 805 पंकज पाण्डेय थाना जामुल, 6-आरक्षक क्रमांक 205 रवि सोनी थाना खुर्सीपार, 7-महिला आरक्षक क्रमांक 1692 संगीता कोसले थाना भिलाई नगर, 8-महिला आरक्षक क्रमांक 1599 एलिषा थाना छावनी एवं 9-महिला आरक्षक क्रमांक 1313 आशा ठाकुर महिला थाना दुर्ग के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान किया गया। इसके अलावा इन्हें हेलमेट धारण करने की हिदायत दी गई है।






हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

गुरुद्वारा में गूंजी गुरुवाणी, जुटा समाज



लाइव इवेंट

## भागवत कथा मृत्यु की और रामचरित मानस जीवन जीने की सिखाती है कला



**भिलाई।** जवाहर नगर दुर्ग में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन कथावाचक पंडित मनोज पांडेय ने मंगलाचरण की भावपूर्ण व्याख्या करते हुए भागवत के गूढ़ तत्वों को सरल शब्दों में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भागवत किसी एक संप्रदाय का ग्रंथ नहीं, बल्कि सत्य पर आधारित ऐसा दिव्य ग्रंथ है जिससे सभी पुष्ट होते हैं। इसी कारण मंगलाचरण में किसी देवता का नाम न लेकर सत्यम्-परम धीमहि कहा गया जहां सत्य श्रीकृष्ण हैं और परम सत्य श्रीराधा।

कथावाचन में राजा परीक्षित के जन्म से लेकर वराह अवतार और कपिल मुनि भगवान के अवतार की कथाएं कही गईं। वराह अवतार के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जब-जब सृष्टि पर संकट आता है, तब ईश्वर स्वयं धर्म की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं। कपिल मुनि द्वारा माता देहूति को दिए गए सांख्य योग के उपदेशों में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य को मोक्ष का साधन बताया गया। माता कुंती की स्तुति का उल्लेख करते हुए कथावाचक ने कहा कि कुंती ने भगवान से सुख नहीं, बल्कि विपत्ति का वर मांगा, ताकि विपत्ति में भी भक्ति बनी रहे। यही सच्ची भक्ति है। शरशय्या पर पड़े भीष्म पितामह ने उत्तरायण में भगवान कृष्ण के दर्शन कर योगबल से देह त्याग किया, यह भक्ति और वैराग्य का सर्वोच्च आदर्श है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति के जीवन की सफलता का मूल्यांकन उसके मरने के बाद होता है, कैसे मरना है, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मृत्यु की कला सीखनी हो तो भागवत कथा सुननी चाहिए और जीवन जीने की कला सीखनी हो तो रामचरित मानस पढ़नी चाहिए। यही जीवन का सार है। मनु-सतरूपा को सृष्टि के प्रथम मानव दंपत्ति बताते हुए धर्म, मर्यादा और सामाजिक व्यवस्था की स्थापना का वर्णन किया गया। उनकी पुत्रियां आहूति, देहूति और प्रसूति सृष्टि विस्तार की आधारशिला बनीं। देहूति से भगवान कपिल और प्रसूति से अनेक कन्याओं द्वारा सृष्टि का विस्तार हुआ। विदुर-मैत्रेय संवाद के प्रसंग में दक्ष-शिव-सती की कथा के माध्यम से अहंकार, मनोमालिन्य और उसके दुष्परिणाम समझाए गए। महीनों की विशेषता बताते हुए कहा कि माघ पापरहित होने का संदेश देता है।

● गुरु ने दिया त्याग, साहस, बलिदान और मानवता के संदेश, स्टेशन रोड दुर्ग में आयोजन

# लुधियाना के रागी जत्थों ने किया गुरवाणी कीर्तन, दसवें गुरु गोबिंद के पराक्रम को किया याद, पंगत में बैठकर संगत ने छंका अटूट लंगर

**भिलाई। सिख धर्म के दसवें व अंतिम मानव गुरु, महान योद्धा, कवि और समाज सुधारक साहिब गुरु गोबिंद सिंह महाराज का 359वां प्रकाश पर्व सोमवार को सभी स्थानों के साथ-साथ दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में भी श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारों में प्रकाश पर्व के लिए विशेष रूप से लुधियाना से पधारे रागी जत्थों द्वारा मधुर गुरवाणी कीर्तन का गायन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर अटूट लंगर छंका। दुर्ग, नेहरु नगर, वैशाली नगर, सेक्टर 6 गुरुद्वारों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था, इस अवसर पर धर्म गुरुओं ने कहा कि आज गुरु महाराज के त्याग, साहस, बलिदान और मानवता के प्रति उनके महान संदेशों को स्मरण करने का दिवस है। प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, स्टेशन रोड, दुर्ग में विशेष गुरमत समागम का आयोजन किया गया। प्रकाश पर्व से पहले शनिवार से श्रीगुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ आरंभ हुआ, जिसका समापन सोमवार को सुबह श्रद्धापूर्वक किया गया। प्रकाश पर्व के लिए विशेष रूप से लुधियाना से पधारे रागी जत्थे के बलकार सिंह और हजूरी रागी आदित्य प्रताप सिंह द्वारा मधुर गुरवाणी कीर्तन का गायन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।**



### खालसा पंथ की स्थापना के महत्व पर डाला प्रकाश

इस दौरान विद्वान ज्ञानी कुलदीप सिंह ने साहिब गुरु गोबिंद सिंह के जीवन-दर्शन, उनकी शिक्षाओं तथा खालसा पंथ की स्थापना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। समागम के उपरांत गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया। जिसमें सभी वर्गों और समुदायों के श्रद्धालुओं ने समानता और भाईचारे का संदेश देते हुए पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।



### समागम में हुई स्त्री सत्संग सभा

इस समागम में स्त्री सत्संग सभा, दुर्ग, हम चाकर गोबिंद के संस्था सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।गुरुओं ने बताया कि साहिब गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने धर्म, संस्कृति और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना कर समाज को साहस, त्याग और समानता का संदेश दिया। उनका अमर वचन आज भी जन-जन को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है।

## हाउसिंग बोर्ड में कीर्तन कर बताई गुरु गोविंद की कुर्बानियां



भिलाई गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जुन देवजी हाउसिंग बोर्ड भिलाई में रविवार को दसम पिता गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई। गुरु गोविंद ने सिख धर्म को पवित्रता, शुद्धता, समर्पण, सेवा, भजन, कीर्तन की मर्यादा में बांधा और श्री गुरु ग्रंथ साहिब को संपूर्णता प्रदान कर ग्यारहवें गुरु साहिब के रूप में सुशोभित किया। उनकी स्मृतियों को समाज की माताओं, बहनों, नौनिहालों व रागी जत्थों ने भजन कीर्तन से बताया। इस अवसर पर मानवता की रक्षा के लिए परमात्मा से विश्व आरोग्य एवं कल्याण की अरदास भी की गई। हाउसिंग बोर्ड में आयोजनों की शुरुआत 2 जनवरी से गुरु ग्रंथ साहेब के अखंड पाठ से हुआ था, जिसकी समाप्ति रविवार को सुबह 11 बजे हुई। इस आयोजन में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री गुरु अर्जुन देवजी हाउसिंग बोर्ड भिलाई-दुर्ग शहर की सभी कमेटियों व अनुयायियों का योगदान रहा।

सिटी इवेंट

## आयुष ने जारी किए एमडीएस के नतीजे विद्यार्थियों को मिली टॉप-10 में जगह

**भिलाई।** रुंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। आयुष हेल्थ यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आयोजित एमडीएस पार्ट-1 की विश्वविद्यालय परीक्षा के घोषित परिणामों में विश्वविद्यालय की टॉप 10 रैंक में से 5 स्थान आरसीडीएसआर के छात्रों ने प्राप्त किए हैं। यह संस्थान की कठोर शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पण का प्रमाण है। बता दें कि रुंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च नैक ए ग्रेड से मान्यता प्राप्त संस्थान है।



आरसीडीएसआर लगातार उत्कृष्टता में अग्रणी रहा है और हाल ही में इंडिया टुडे द्वारा मध्य भारत का नंबर 1 डेंटल कॉलेज घोषित किया गया है। कॉलेज में नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ और अनुभवी एवं प्रशिक्षित संकाय सदस्यों की टीम मौजूद है जो छात्रों को उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस उपलब्धि पर रुंगटा समूह के चेयरमैन संजय रूंगटा और कॉलेज के डीन डॉ. कार्तिक कृष्णा एम ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इसी तरह उत्कृष्टता की राह पर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। एमडीएस पार्ट-1 में सी. परमानंद अर्थोडोंटिक्स, अभनतिका मिश्रा प्रोस्थोडोंटिक्स ने चौथे स्थान प्राप्त किया तथा टेम्बरे मानसी अनिल कन्जवेटिव एण्ड एंडोडोंटिंक्स, श्रेनिका लला कन्जवेटिव एण्ड एंडोडोंटिंक्स, वर्धा ओरल सर्जरी, अदिति अग्रवाल कन्जवेटिव एण्ड एंडोडोंटिंक्स, साक्षी शरण पेडोडोंटिक्स, सरनतिनी डे पेडोडोंटिक्स, नागेश्वरराव कोसुरू ओरल पैथोलॉजी, त्रोणाल बराई ओरल पैथोलॉजी, सौम्या चन्द्राकर कन्जवेटिव एण्ड एंडोडोंटिंक्स, शुभ जैन पेरियोडोंटोलॉजी ने छठवां, सातवां, आठवां, नवां और दसवां स्थान प्राप्त किया।

## भावपूर्ण एकल कत्थक का सृष्टि ने किया प्रदर्शन, मिला नृत्य कलामणि सम्मान

**भिलाई।** कटक ओडिशा में आयोजित 17वें कटक इंटरनेशनल फेस्टिवल एंड कॉम्पीटिशन ऑफ म्यूजिक एंड डांस के दौरान कथक नृत्यांगना सृष्टि बिस्वास को उनके उत्कृष्ट एवं भावपूर्ण एकल कथक प्रदर्शन के लिए नृत्य कलामणि सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने एकल कथक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजन उत्कल युवा संस्कृतिक संघ द्वारा कला विकास केंद्र ऑडोटोरियम में 2 से 6 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश-विदेश के अनेक प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया जा रहा है। सृष्टि बिस्वास का सम्मान स्मृति-चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया।



## वार्षिक खेलकूद में विजेता हुए पुरस्कृत दी गई रंगारंग प्रस्तुति, मिली सराहना

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनौरा भिलाई में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण और वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ कॉलेजेस के डायरेक्टर अनिल लूनिया, छत्तीसगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के डायरेक्टर नलिन लूनिया, स्नेहल लूनिया, प्रवीण लूनिया, आलोक लूनिया, आकांक्षा लूनिया, समीक्षा लूनिया, अद्विक लूनिया, अंकित लूनिया, क्षितिज लूनिया, अरना लूनिया, श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के डायरेक्टर नरेंद्र गौतम शामिल हुए। पुरस्कार वितरण से पहले कृषि महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करके अतिथियों और मेहमानों का स्वागत किया। छात्राओं के वॉलीबॉल में बीएससी थर्ड ईयर टीम विजेता रही।




वही छात्रों में विजेता बीएससी सेकेंड ईयर और उपविजेता फोर्थ ईयर रही। शॉट पुट में गौरव शर्मा प्रथम, धनंजय पटेल द्वितीय और सदेश्वर साहू तृतीय रहे। छात्राओं में अमीषा सोनी प्रथम, खुशी सिंह द्वितीय, हिमानी सिंह और प्राची बिशाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लेमन स्पून में अनन्या शर्मा प्रथम, अमीषा सोनी द्वितीय और हिमानी सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निडिल थ्रेड में श्वेता रानी, दिव्या बांधी और प्राची विशाल प्रथम, द्वितीय और तृतीय रही। छात्रों में वॉलीबाल और कबड्डी में बीएससी सेकेंड ईयर विजेता और बीएससी फोर्थ ईयर और बीएससी फर्स्ट ईयर उपविजेता रहे। क्रिकेट में बीएससी फोर्थ ईयर विजेता और बीएससी फर्स्ट ईयर उपविजेता रहे। कार्यक्रम के अंत में अनिल लूनिया और नलिन लूनिया ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी और जीवन में अनुशासन के साथ आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया।

## राष्ट्रीय ताइक्वांडो स्पर्धा में छग का बढ़ाया मान, 3 स्वर्ण, 2 रजत व 3 कांस्य जीता



**भिलाई।** राउरकेला, ओडिशा में तीन दिवसीय राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ से 40 खिलाड़ी शामिल हुए। जहां दुर्ग जिले के आल स्टाइल मार्शल आर्ट्स एकेडमी, दुर्ग के 8 प्रतिभागी, 2 कोच शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में ताइक्वांडो क्योरूगी फाइट और पुमसे इवेंट रहे। जिसमें दुर्ग जिले के खिलाड़ियों ने क्योरूगी इवेंट में भाग लेकर 3 स्वर्ण, 2 रजत तथा 3 कांस्य छत्तीसगढ़ के नाम किया, साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ। दुर्ग जिले के आल स्टाइल मार्शल आर्ट्स एकेडमी के प्रतिभागियों ने भाग लेकर पदक अपने नाम किया। इस आयोजन में प्रशस्ति तिवारी और परिधि सिंह को स्वर्ण पदक, न्यूसी टांक स्वर्ण पदक, सृष्टि सौदागर रजत पदक, एकता वर्मा रजत पदक, भूमि धर्मी कांस्य पदक, जय हाड़गे कांस्य पदक, प्रथम सिंह कांस्य पदक प्राप्त हुआ। दुर्ग जिले के कोच अमन गंधर्व और मानसी हाड़गे ने बताया कि यह प्रतियोगिता इंडियन ताइक्वांडो यूनियन फेडरेशन ऑफिशियल टूर्नामेंट के तत्वाधान में हुआ। खिलाड़ियों का दुर्ग स्टेशन पहुंचने पर पालकों एवं स्थानीय लोगों ने शानदार स्वागत किया।

कार्नर न्यूज

देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई की आमसभा में हुआ मंथन

# 8 फरवरी को माता परमेश्वरी महोत्सव में निकलेगी शोभायात्रा नई प्रबंधकारिणी का चुनाव 25 को, महिलाएं भी संभालेंगी बागडोर

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई की आम सभा परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नई प्रबंधकारिणी का त्रैवार्षिक चुनाव आगामी 25 जनवरी को संपन्न होगा साथ ही 8 फरवरी को परमेश्वरी महोत्सव मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की। आमसभा में महिलाओं ने समिति की बागडोर किसी महिला को सौंपने की मांग उठाई।



### समिति की बागडोर महिला को सौंपने रखी मांग

अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने बताया कि आम सभा में पारित प्रस्ताव के अनुसार अब समिति के सभी सदस्यों को मतदान का अधिकार होगा। पहले कुछ चयनित सदस्यों को ही मतदान का अधिकार मिलता था। आमसभा में महिलाओं ने समिति की बागडोर किसी महिला को सौंपने की मांग उठाई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने उत्साह पूर्वक चुनाव प्रक्रिया संबंधी अनेक सुझाव दिये।



**यह रहे उपस्थित :** बैठक में सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेंद्र देवांगन, उपाध्यक्ष त्रिलोकचंद देवांगन, टेसूराम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, दिनेश देवांगन, कल्पना भानु, दयाराम, सहसचिव जनार्दन, गोवर्धन, होमलाल, संरक्षक डॉ. जी. एल. देवांगन, डॉ सूर्य मंगल देवांगन, जिलाध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन, प्रेमचंद देवांगन, डॉ गोपाल, डॉ लता, मुरलीधर, रामानंद, विष्णुलाल आदि सहित सलाहकार, विभाग प्रभारी एवं सदस्य में उपस्थित थे।

### माता परमेश्वरी की शोभा यात्रा सहित कई महत्वपूर्ण आयोजन

घनश्याम देवांगन ने अपने प्रबंधकारिणी के द्वारा संपादित पिछले 3 वर्षों के कार्यकाल का रिपोर्टकार्ड सदन में प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उनकी टीम के द्वारा देवांगन समाज में सभी वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए जमीनी स्तर पर अनेक नवाचार एवं जनहित के कार्य किए गए हैं। वर्तमान प्रबंधकारिणी के द्वारा परमेश्वरी महोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्ष माता परमेश्वरी की शोभा यात्रा निकालना, दोनों नवरात्रि में आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रण रैली निकालकर घर-घर जाकर न्योता देना, महिलाओं के लिए स्व-सहायता समूह का गठन, महिला सशक्तिकरण विभाग का गठन, छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक संवर्धन के लिए हरेली सावन महोत्सव, तीज मिलन, हलषष्ठी, हनुमान जन्मोत्सव, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, श्रीमद्भागवत एवं देवी भागवत का आयोजन, मां परमेश्वरी की महाआरती, आनंद मेला, खेल मेला, देवांगन नाईट सांस्कृतिक महोत्सव, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का पर्यटन भ्रमण जैसे बड़े बड़े कार्यक्रमों का आयोजन नियमित रूप से किया गया। समिति द्वारा देवांगन समाज की ईष्ट देवी माता परमेश्वरी, आदिपुरुष दीपचंद एवं आदिमाता हरिणी के नाम पर अलंकरण सम्मान शुरू कर समाज के पुरोधाओं, दानदाताओं एवं विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान विशेष रहा।

## सिटी इवेंट

# यातायात जागरुकता में सक्रिय भूमिका के लिए दिशा का सम्मान



**भिलाई।** यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाने वाली सामाजिक संस्था दिशा को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के शुभारंभ अवसर पर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में संस्था के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान माननीय न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे, पूर्व न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय एवं सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान दिशा संस्था के यातायात जागरूकता अभियानों और सामाजिक सहभागिता की सराहना की गई।

- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में योगदान पर न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने किया सम्मानित

संस्था के सदस्यों ने भिलाई के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों पर वाहन चालकों और आम नागरिकों को हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, ट्रैफिक सिग्नल, जेब्रा क्रॉसिंग और अन्य यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। धूप और भीड़भाड़ के बीच भी स्वयंसेवकों ने अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई। विशेष रूप से महिला सदस्यों की सहभागिता को प्रभावशाली और प्रेरक बताया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य राजेश धारकर ने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल पुलिस की नहीं, बल्कि समाज के हर नागरिक की जिम्मेदारी है। वहीं डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि यातायात जागरूकता सीधे जीवन रक्षा से जुड़ा विषय है और छोटे नियम बड़े हादसे रोक सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ सदस्य शांतनु दासगुप्ता ने एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा, एसएसपी सुखनंदन राठौड़ और यातायात पुलिस टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं को प्रोत्साहित करना सकारात्मक पहल है, जिससे स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ता है। सम्मान समारोह में दिशा संस्था के रामानुजन राजू, सुजीत चक्रवर्ती, राजेश धारकर, शांतनु दासगुप्ता, प्रदीप दास, भास्कर देवनाथ, दीपंकर मुखर्जी, अंजन राय चौधरी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## धर्म लाइव

# सावित्री बाई फूले और जननायक मुंडा की मनाई गई जयंती



**भिलाई।** आदिवासी मातृशक्ति संगठन के तत्वावधान में रिसाली सेक्टर के एकता मंच में सावित्री भाई फूले और जननायक जयपाल सिंह मुंडा की जयंती मनाई गई। लोगों ने सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उनके जीवन और कार्यों को याद करते हुए उनके शिक्षा व महिला अधिकारों के लिए किए गए कार्यों पर चर्चा की।

- महिलाओं के लिए स्कूल खोलने और कुरीतियों से लड़ने वाले पहली महिला थीं सावित्री बाई फूले

अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले का जीवनसंघर्ष प्रेरणादायी है। जिस दौर में महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था, उस समय महिलाओं के लिए स्कूल खोलने वाली, सामाजिक कुरीतियों से लड़ने वाले पहली महिला थीं, अंतिम समय तक मानव सेवा करती रहीं। जननायक जयपाल सिंह मुंडा भारत को 1928 में ऑलंपिक खेलों में पहला गोल्ड मेडल दिलाने वाले हॉकी टीम के कप्तान थे। उन्होंने देश प्रेम के खातिर ब्रिटिश शासन में ICS की नौकरी छोड़ दी, मुंडा जी उस दौर के बहुत ही शिक्षित एवं प्रभावशाली व्यक्ति थे, संविधान सभा के सदस्य थे जिन्होंने देश के आदिवासियों के अधिकारों एवं संस्कृति को बचाए रखने के लिए पाँचवीं एवं छठवीं अनुसूची का प्रावधान तैयार किया । मुंडा जी ब्रिटिश शासन में सर्वोच्च पद पर कार्य करने वाले पहले भारतीय थे। कार्यक्रम में संजय शेन्द्रे रिटायर्ड जज, विजय प्रताप कश्यप, राजेंद्र परघनिया विधायक प्रतिनिधि, चंद्रकला तारम प्रदेश उपाध्यक्ष, कोमल नेताम उमा सिंह, कीर्ति ठाकुर, त्रिवेणी ठाकुर, अनीता साहू, पूर्णिमा मानकर, किरण गावरे, प्रतिमा दामले, लक्ष्मी सुरेंद्र मोहंती, कमल नेताम, लीना ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# आनंदमय वातावरण में मनाया गया न्यू ईयर सेलिब्रेशन



**दुर्ग।** इस्कॉन दुर्ग में न्यू ईयर सेलिब्रेशन आनंदमय वातावरण में मनाया गया। आयोजन में कृष्ण कथा, हरि नाम संकीर्तन, गौर आरती, पुष्प होली के साथ ही महाप्रसाद का वितरण गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा और फत्ते सिंह भाटिया सहित हजारों भक्त शामिल हुए। इस्कॉन दुर्ग अध्यक्ष अनंत श्याम दास ने शहरवासियों को कृष्ण भावनामृत नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

## ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर बघेरा में पहुंचे सांसद, कहा-लोक पर्वों को सहेजने की जिम्मेदारी हमारी

# छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेर हेरा, पारंपरिक गीतों और मनमोहक नृत्यों से दिखाया छग की संस्कृति

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर के सभागार में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व छेरछेरा पुन्नी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल दुर्ग महापौर अलका बाघमार, संजय बोहरा, सुनीता बोहरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। इस दौरान अतिथियों का स्वागत चयन, विवेक और तरुण ने पारंपरिक गीतों और मनमोहक नृत्य के द्वारा किया। ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा ने छेरछेरा पुन्नी पर्व पर सुंदर कविता सुनायी। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की संचालिका रीटा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छेरछेरा पुन्नी पर्व के विषय में बताया कि छत्तीसगढ़ के लोकपर्व छेरछेरा पुन्नी की शुरुआत कलचुरी राजवंश के राजा कल्याण साय के समय हुई। चूंकि यह वह समय था जब किसान अपनी नई फसल काटकर और मिंजाई करके अनाज अपने घरों के भंडार (कोठी) में रख चुके होते थे, इसलिए इस दिन को फसल उत्सव और दान के पर्व के रूप में भी मनाया जाने लगा। लोग खुशी-खुशी एक-दूसरे को और जरूरतमंदों को अन्न दान करते हैं। इसी कारण इस दिन बच्चे और बड़े घर-घर जाकर छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेर हेरा यानी छेरछेरा, मां कोठी से धान निकालो कहते हुए दान मांगते हैं।



### देवी शक्ति शाकंभरी की पुकार

जनश्रुति है कि एक समय धरती पर घोर अकाल पड़ा। अन्न, फल, फूल व औषधि नहीं उपज पाई। इससे मनुष्य के साथ जीव-जंतु भी हलाकान हो गए। सभी ओर त्राहि-त्राहि मच गई। ऋषि-मुनि व आमजन भूख से थर्रा गए। तब आदि देवी शक्ति शाकंभरी की पुकार की गई। शाकंभरी देवी प्रकट हुई और अन्न, फल, फूल व औषधि का भंडार दे गई। इससे ऋषि-मुनि समेत आमजनों की भूख व दर्द दूर हो गया। इसी की याद में छेरछेरा मनाए जाने की बात कही जाती है।

### बच्चे और युवा पीढ़ी भी जानेगी लोक पर्वो का महत्व

दुर्ग सांसद विजय बघेल ने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व पर उपस्थित सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान समय ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा लुप्त होते इस पर्व को बहुत ही सुंदर ढंग से मना रहे हैं ये हम सभी के लिए गौरव की बात है, जिससे हमारे बच्चों और युवा पीढ़ी भी लोक पर्वो का महत्व जानेंगे, समझेंगे और इसका ज्ञान मिलेगा। हमारे पारंपरिक पर्वो को सहेजने की जिम्मेंदारी हम सभी की है।



### ब्रह्मकुमारी में छेरछेरा पर्व मनाना सराहनीय पहल

दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने कहा कि आनंद सरोवर के इस प्रांगण में कदम रखते हुए शांति की अविरल प्रकंपन की अनुभूति होती है । छत्तीसगढ़ के बहुत सारे पारंपरिक पर्व को आज की पीढ़ी भूलते जा रही है । ब्रह्मकुमारी बहनों का आज का यह कार्य सराहनीय पहल है जिन्होंने इस पर्व को सुंदर ढंग से मनाने की शुरुआत की है। जैसे हर राज्य में फसल की कटाई के पश्चात त्यौहार मनाते हैं जैसे पंजाब में फसल कटाई के पश्चात त्यौहार मनाते हैं उसी प्रकार छत्तीसगढ़ में भी धान कटाई के पश्चात यह छेरछेरा पुन्नी पर्व मनाया जाता है। यह पर्व दान देने से भंडार भरने का याद दिलाता है।

### स्वयं को संपन्नता का होता है अनुभव

छत्तीसगढ़ राज्य स्काउट गाइड उपाध्यक्ष सुनीता बोहरा ने कहा कि पारंपरिक पर्व छेरछेरा पुन्नी हमें दान देने के परंपरा का याद दिलाता है। ब्रह्माकुमारीज में भी कहा जाता है कलयुग बदल सतयुग अभी निकट भविष्य में आने वाला है, जहां सब धन-धान्य से भरपूर एवं संपन्न होंगे। यह पर्व हमें लेने के बजाय देना सिखाता है। जितना हम औरों को देते हैं उतना ही स्वयं संपन्नता का अनुभव करते हैं।

### छेरछेरा पुन्नी की शुरुआत कलचुरी राजवंश से

बीके रीटा ने छेरछेरा पुन्नी पर्व के विषय में बताया कि छत्तीसगढ़ के लोकपर्व छेरछेरा पुन्नी की शुरुआत कलचुरी राजवंश के राजा कल्याण साय के समय हुई। राजा कल्याण साय राजनीतिक और युद्ध कला की शिक्षा लेने के लिए अकबर की सल्तनत में दिल्ली गए थे। वे लगभग आठ वर्षों तक अपने राज्य रतनपुर से दूर रहे। जब राजा कल्याण साय आठ वर्षों के बाद वापस रतनपुर लौटे, तो उनकी प्रजा बहुत उत्साहित हुई। प्रजा ने ढोल-बाजे और लोक-गीतों के साथ राजा का भव्य स्वागत किया। राजा की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी रानी फुलकेना ने राजकाज संभाला था और वे भी अपने पति को इतने लंबे समय बाद देखकर बहुत खुश थीं। प्रजा के इस असीम प्रेम और खुशी को देखकर, रानी फुलकेना ने प्रजा को सोने चांदी के सिक्के दान किये और हर वर्ष इस दिन को एक त्योहार के रूप में मनाने का आदेश दिया।

## सांस्कृतिक धरोहर

# छत्तीसगढ़ी हाना - लोकज्ञान, भाषा और चित्रकला का सशक्त संगम



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी हाना लोकोक्तियों का हिंदी भावार्थ एवं संबंधित तस्वीर निर्माण पर आधारित अंतर-महाविद्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन इंटैक दुर्ग-भिलाई अध्याय द्वारा स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय आमदी नगर हुडको भिलाई के हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इंटैक दुर्ग भिलाई अध्याय की संयोजिका डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि इंटेक का उद्देश्य विद्यार्थियों को सांस्कृतिक धरोहर से परिचित करना है। हाना छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर एवं भाषा के समृद्धि का प्रतीक है। विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ी भाषा की समृद्ध लोकपरंपरा, लोकज्ञान और सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने और उन्हें अपनी मातृभाषा के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए किया गया था। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को हाना का हिंदी भावार्थ प्रस्तुत करने के साथ-साथ उससे संबंधित चित्र या दृश्यात्मक अभिव्यक्ति करने का अवसर प्रदान किया गया, जिससे भाषा के साथ उनकी सृजनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभा भी विकसित हो सके। डॉ सुनीता वर्मा ने बताया नई शिक्षा नीति में शिक्षा का माध्यम मातृभाषा अथवा स्थानीय भाषा में रखने पर विशेष बल दिया गया है। छत्तीसगढ़ी हाना जैसी लोकविधाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आवश्यक हैं, क्योंकि इनके माध्यम से युवा पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ती है और सांस्कृतिक आत्मबोध विकसित होता है। प्रतियोगिता में प्रथम अदिति पांडे स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय, द्वितीय एकता दीवान पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, तृतीय नंदिनी कर और रिया बोरकर स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय और सांत्वना पुरस्कार रेणुका साहू को मिला।

## सांस्कृतिक आयोजन नाट्य नर्तन 2025

# ओपन एज ग्रुप में महिलाओं ने परफॉर्मेंस ऑफ द डे का जीता खिताब



**भिलाई।** नाट्य नर्तन 2025 अखिल भारतीय राष्ट्रीय नृत्य, संगीत एवं ललित कला प्रतियोगिता महोत्सव आयोजन दुर्ग में किया गया था। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ सहित मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, असम सहित अन्य राज्यों से सैकड़ो प्रतिभागियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में नाचो डांस स्टूडियो के ओपन एज 40 से 47 आयु वर्ग की महिलाओ ने समूह लोक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर 10 हजार की धनराशि और परफॉर्मेंस ऑफ द डे का खिताब हासिल किया। संबलपुरी समूह नृत्य में प्रतिभागी कलाकार पूनम ठाकुर, शैला डोंगरवार, वर्षा देशमुख, गोमती चंद्राकर, मन्नू रजक, आशा सिमोर, वर्षा साहू, यमुना टंडन साथ ही जूनियर एकल नृत्य में दीपिका ने प्रथम स्थान हासिल किया। सब जूनियर कैटेगरी में जसवंत और सहिष्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजन में कोरियोग्राफर प्रेम तांडी, शैलेश देवांगन और आस्था वर्मा रहे। नाट्य नर्तन 2025 आयोजन के डायरेक्टर चेतन बोरकर ने बताया कि संबलपुरी लोक नृत्य को जज और दर्शकों की विशेष सराहना मिली। प्रतियोगिता के दौरान गुरु सम्मान के अंतर्गत प्रेम तांडी को शॉल, सर्टिफिकेट और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सर्व हिंदू समाज भागवत कथा समिति खुर्सीपार का आयोजन

# जात-पात में बंटकर कभी द्वेष की भावना न रखें, समाज में छुआछूत की कुरीति समाप्त करना जरुरी : महंत गोपाल

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सर्व हिंदू समाज भागवत कथा समिति के तत्वावधान में न्यू खुर्सीपार में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा के साथ की गई। जो नगर भ्रमण करते हुए सत्यनारायण धर्मशाला पहुंची। इसके बाद व्यास पीठ पूजन व आरती के साथ ठाकुरजी की स्थापना की गई।

श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार को दूसरे दिन कथावाचक महंत गोपाल शरण देवाचार्य महराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत में श्रीकृष्ण के 22 अवतारों का वर्णन है। भगवान ने भक्तों का कल्याण करने के लिए अनेक अवतार लिए। यदि मनुष्य भागवत की कथा श्रवण करे तो निश्चित ही उसका मन भगवान श्रीकृष्ण में लग जाएगा और उसके समस्त पाप नष्ट हो जाएंगे। भगवान ने अवतार लेकर ये बताया कि कठिनाइयों से कभी न घबराएं। भगवान चाहते तो संकल्प मात्र से सारी बाधाओं को खत्म कर सकते थे, लेकिन उन्होंने लीला रचाकर मानव जाति को संदेश दिया। श्रीमद् भगवद् गीता श्रवणीय और अनुकरणीय ग्रंथ है। इस अवसर पर महंत ने सामाजिक समरसता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में छुआछूत की कुरीति पूरी तरह से खत्म होना चाहिए। हम सबसे पहले सनातनी हैं। हमें जाति-पाति में बंटकर कभी द्वेष की भावना नहीं रखनी है।





### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य यजमान सारदा तोताराम अग्रवाल सहित शिरीष अग्रवाल, पवन अग्रवाल, घनश्याम दास, नेमीचंद, प्रदीप सिंघानिया, विजय, सुरेश केजरीवाल, बंटी, संगीता अग्रवाल, प्रेमा गर्ग, उषा, कुसुम, मनीषा, कविता सहित सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे।

### जीवन को सफल बनाने वृंदावन अवश्य जाएं-

कथावाचक महंत गोपाल शरण देवाचार्य महाराज ने कथा के पहले दिन भागवत महात्म्य बताया। उन्होंने कहा कि नारदजी ने पूरी पृथ्वी का चक्कर लगाया, लेकिन कलयुग के प्रभाव के कारण कहीं भी शांति नहीं थी, फिर वे वृन्दावन पहुंचे, जहां एक युवती निराश बैठी थी। पास में दो पुरुष अचेत पड़े थे। नारदजी ने युवती से पूछा कि आप सभी कौन हैं, तब युवती ने कहा कि मैं भक्ति हूं और ये दोनों मेरे पुत्र हैं। साथ में खड़ी सभी देवियां हैं। मैं वृद्ध थी, वृंदावन आकर युवा हो गई, लेकिन मेरे पुत्र वृद्ध ही रहे। नारदजी ने कहा कि वृन्दावन परम धाम है, उसकी कृपा से आप युवा हो गईं। महाराज ने आह्वान किया कि जीवन को सफल बनाने के लिए वृंदावन अवश्य जाएं। यमुनाजी के दर्शन करें। राधे राधे का जाप करें।

ज्योतिष

## कल से चमक सकता है इन राशियों का भाग्य, धनलाभ के योग



आपको बता दें कि 7 जनवरी को बुध ग्रह पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र में प्रवेश करने जा रहे हैं। पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र पर शुक्र ग्रह का आधिपत्य है। ऐसे में बुध का शुक्र के नक्षत्र में प्रवेश कुछ राशियों को लाभकारी साबित हो सकता है। साथ ही इस दौरान आपको आकस्मिक धनलाभ और भाग्योदय के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**मिथुन राशि :** आप लोगों के लिए बुध ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। इस दौरान आपको आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। इस समय आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं। आपकी आय में वृद्धि होगी। इस दौरान आप कोई नया व्यापार शुरू कर सकते हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। वैवाहिक जीवन में खुशहाली आएगी। इस समय इच्छाओं की पूर्ति होगी।

**कन्या राशि :** बुध ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन कन्या राशि के जातकों को सकारात्मक सिद्ध हो सकता है। क्योंकि एक तो बुध आपकी राशि के स्वामी हैं। इसलिए इस समय आपको काम-कारोबार में तरक्की मिल सकती है। घर में कोई शुभ-मांगलिक कार्य संपन्न होगा। किसी काम में बड़ी सफलता मिल सकती है। साथ ही आपको कार्यों में किस्मत का साथ मिलेगा।

**मेष राशि :** आप लोगों के लिए बुध ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। इस समय आपकी आय़ में जबरदस्त वृद्धि हो सकती है। साथ ही आय के नए- नए माध्यम बन सकते हैं। वहीं इस दौरान नई नौकरी और सैलरी बढ़ने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और रिश्ते मधुर होंगे। वहीं आपके परिवार के लोगों के साथ संबंध पहले से बेहतर होंगे।

## संक्रांति से इन राशियों का शुरू हो सकता है 'स्वर्ण काल'



वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार,14 जनवरी 2026 को सूर्य देव धनु राशि से निकलकर अपने पुत्र शनि की राशि मकर में प्रवेश करेंगे। मकर राशि में सूर्य के आने से कुछ राशि के जातकों को किस्मत का पूरा साथ मिल सकता है। इस समय शनि मीन राशि में विराजमान है। ऐसे में सूर्य और शनि का ये विशेष संयोग कुछ राशि के जातकों को किस्मत का साथ दिला सकता है। करियर, धन और मान-सम्मान में जबरदस्त लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। ये विश्लेषण चंद्र राशि के आधार पर किया जा रहा है।

**मेष राशि :** इस राशि में ग्रहों के राजा सूर्य दसवें भाव में रहने वाले हैं। सूर्य के कर्म भाव में होने से इस राशि के जातकों को करियर के क्षेत्र में काफी लाभ मिल सकता है। आपके काम की सराहना की जाएगी। इसके अलावा पदोन्नति के साथ वेतन वृद्धि के प्रबल योग बन रहे हैं। नई नौकरी की तलाश पूरी हो सकती है। व्यापार के क्षेत्र में भी काफी लाभ मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ अच्छा वक्त बीतेगा।

**वृषभ राशि :** मकर संक्रांति आपके भाग्य भाव को सक्रिय करेगी। सूर्य इस राशि के नौवें भाव में रहने वाले हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों को किस्मत का पूरा साथ मिल सकता है। भाई-बहन से लेकर माता-पिता का पूरा सहयोग मिल सकता है। पैतृक संपत्ति के माध्यम से अच्छा खासा लाभ मिल सकता है। अध्यात्म की ओर झुकाव होगा। ऐसे में कई धार्मिक यात्राओं के योग बनेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा वक्त बीतेगा।

**सिंह राशि :** सूर्य आपकी राशि के स्वामी हैं। आपकी गोचर कुंडली के छठे भाव में सूर्य गोचर करेंगे। ऐसे में इस राशि के जातकों को धीरे-धीरे हर क्षेत्र में सफलता हासिल हो सकती है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त हो सकती है। इसके अलावा कोई कानूनी, कोर्ट-कचहरी पर मामला चल रहा है, तो उसका फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आर्थिक स्थिति में पहले से सुधार होगा। भविष्य के लिए बचत करने में कामयाब हो सकते हैं।

**मकर राशि :** सूर्य आपकी ही राशि के लग्न भाव में प्रवेश कर रहे हैं। ऐसे में इस राशि के जातकों को किस्मत का पूरा साथ मिल सकता है। समाज में मान-सम्मान की तेजी से वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा राजनीति या प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े जातकों को काफी लाभ मिल सकता है। आत्मविश्वास में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। सेहत में सुधार होगा। आप ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**मकर संक्रांति पर करें विशेष उपाय :** संक्रांति के दिन गंगा या अन्य पवित्र नदी में स्नान करें। इसके बाद सूर्यदेव को अर्घ्य करें। इसके लिए एक तांबे के लोटे से जल, सिंदूर और लाल फूल डालकर अर्पित करें। खिचड़ी के दिन गुड़, तिल, कंबल और खिचड़ी का दान करना करें। ऐसा करने से सूर्य देव के साथ शनि देव भी प्रसन्न होंगे।

### ठंडी हवाएं सर्दी-जुखाम का खतरा बढ़ा देती हैं और जोड़ों का दर्द भी पैदा करती हैं

# सर्दियों में गर्भवती महिलाएं खुद को ऐसे रखें स्वस्थ और गर्म, नहीं होगी कोई परेशानी

सर्दी का मौसम गर्भवती महिलाओं के लिए कई परेशानियां लेकर आता है। इस दौरान प्रतिरक्षा कमजोर हो जाती है और बच्चे व मां, दोनों के बीमार पड़ने का खतरा रहता है। ठंडी हवाएं सर्दी-जुखाम का खतरा बढ़ा देती हैं और जोड़ों का दर्द भी पैदा करती हैं। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को अपना खास ख्याल रखना चाहिए और शरीर को गर्म रखने का प्रयास करना चाहिए। गर्भवती महिलाएं सर्दियों में खुद को इन तरीकों से स्वस्थ रख सकती हैं।



### गर्म कपड़े पहनें और ठंड से बचें

बीमारियों से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप शरीर को ठंड से सुरक्षित रखें। इसके लिए आपको हमेशा गर्म कपड़े पहनकर रहना चाहिए और जितनी हो सके, उतनी लेयरिंग करनी चाहिए। अपने सिर और पैरों को भी ढककर रखें, क्योंकि उनसे ज्यादा ठंड लगती है। अपने कमरे के तापमान को गर्म बनाने के लिए हीटर का इस्तेमाल करें और कंबल या रजाई ओढ़कर रहें। दिन में जब धूप निकले तब ही बाहर के काम निपटाने की कोशिश करें।

### तापमान में अचानक उतार-चढ़ाव से बचें

गर्भवती महिलाओं को अचानक गर्म से ठंडे तापमान में जाने से बचना चाहिए। इससे हाइपरथर्मिया (शरीर का ज्यादा गर्म होना) या हाइपोथर्मिया (शरीर का बहुत ज्यादा ठंडा होना) जैसी परेशानियां हो सकती हैं। घर के गर्म माहौल से बाहर के ठंडे तापमान में अचानक न जाएं और धीरे-धीरे बाहर निकलें। इससे आपका शरीर तापमान के बदलाव के मुताबिक अपने आपको ढाल लेगा और गर्मी बनाए रखेगा।

### खान-पान का ध्यान रखें

सर्दी में खान-पान का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है, ताकि पोषण मिले और गर्माहट भी बनी रहे। इस मौसम के फलों और सब्जियों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। इनमें संतरे, गाजर, पालक, चुकंदर और शकरकंद शामिल हो सकती हैं। ये जरूरी विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर प्रदान करते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली को भी मजबूत करते हैं। ठंडी चीजें खाने और पीने से सख्त परहेज करें, वर्ना आप बीमार पड़ जाएंगी।

### दवाइयां लें और एक्सरसाइज करें

गर्भावस्था के दौरान आपको समय-समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि आप और आपका होने वाला बच्चा स्वस्थ हैं। डॉक्टर की सुझाई हुई दवाइयां समय से लें और जरूरी सावधानियां भी बरतें। अपनी नींद जरूर पूरी करें और ज्यादा काम करने से भी बचें। इस दौरान अपने शरीर को एक्सरसाइज करके सक्रिय बनाए रखें, ताकि गर्माहट भी मिलती रहे और आप सेहतमंद भी बनी रहें।

## खाने को स्वास्थ्यवर्धक बनाने के लिए अपनाएं आसान तरीके, सेहत को होगा फायदा

खाना बनाते समय हम कई बार अनजाने में ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिनसे हमारा भोजन स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए हानिकारक भी हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने खाने को भी स्वास्थ्यवर्धक तरीके से बनाएं। आज हम आपको कुछ ऐसे स्वास्थ्यवर्धक तरीके बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से न केवल आपका खाना स्वादिष्ट बनेगा, बल्कि इससे आपकी सेहत पर भी अच्छा असर पड़ेगा। आइए इन स्वास्थ्यवर्धक तरीकों के बारे में विस्तार से जानें।



**उबालकर खाना बनाना :** उबालकर खाना एक बहुत ही पुरानी और असरदार विधि है, जो कई पोषक तत्वों को बनाए रखती है। सब्जियों को उबालने से उनकी ताजगी और रंग भी बरकरार रहता है, जिससे खाना देखने में भी अच्छा लगता है। इस तरीके से खाना पकाने के लिए ज्यादा तेल या मसालों की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे यह सेहतमंद बनता है। उबली हुई सब्जियां न केवल स्वादिष्ट होती हैं, बल्कि इनमें विटामिन्स और मिनरल्स भी अच्छी मात्रा में रहते हैं।

**भाप में पकाना :** भाप में पकाना एक ऐसी विधि है, जो आपके खाने को बिना किसी अतिरिक्त चर्बी या कैलोरी के पकाने में मदद करती है। इस तरीके से सब्जियां अच्छे से पकती हैं और उनका प्राकृतिक स्वाद भी बरकरार रहता है। भाप में पकाने से विटामिन्स और मिनरल्स भी सुरक्षित रहते हैं। इस प्रकार का खाना न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है।

**तलने के बजाय भूनना :** तले हुए खाने की बात करें तो यह कई लोगों को पसंद होता है, लेकिन ज्यादा तेल में तले खाने सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि आप तलने के बजाय भूनने का तरीका अपनाएं। सब्जियों को कम तेल में भूनने से उनका स्वाद बढ़ जाता है और पोषक तत्व भी सुरक्षित रहते हैं। इस प्रकार का खाना अधिक सेहतमंद होता है और आपकी सेहत पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।

**ग्रिल करना :** ग्रिल करना एक ऐसा तरीका है, जिससे आपका खाना कम तेल में तैयार होता है, जिससे उसमें चर्बी की मात्रा कम होती है। ग्रिलिंग से खाने का स्वाद भी बढ़ता है और पोषक तत्व भी सुरक्षित रहते हैं।

## ठंड से बचाने वाले ऊन के कोट का इस तरह से रखें ध्यान, सालों-साल रहेंगे नए जैसे

ठंड से बचाने के साथ-साथ ऊन के कोट स्टाइलिश लुक भी देते हैं, लेकिन अगर इनसे जुड़ी छोटी-छोटी बातों का ध्यान न रखा जाए तो ये जल्द ही पुराने लगने लगते हैं। इसलिए आज हम आपको कुछ ऐसे सुझाव देने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप अपने ऊन के कोट का अच्छे से ध्यान रख सकते हैं। इनसे न सिर्फ आपके कोट की उम्र बढ़ेगी, बल्कि वे हमेशा नए जैसे दिखेंगे।

**कोट को धोने से पहले इन बातों का रखें ध्यान :** सबसे पहले ऊन के कोट को धोने से पहले उस पर लगे लेबल पर दी गई सफाई संबंधी निर्देशों को पढ़ें। अगर कोट पर लेबल नहीं लगा हुआ है तो उसे हाथ से ठंडे पानी और तरल साबुन से धोएं। इसके लिए पहले एक बाल्टी में ठंडा पानी लें, फिर इसमें थोड़ा तरल साबुन डालकर अच्छे से मिलाएं। अब कोट को 5-10 मिनट के लिए इसमें भिगोकर छोड़ दें। इसके बाद कोट को ठंडे पानी से धोएं।

**धोने के लिए इस चीज का करें इस्तेमाल :** ऊनी कोट को धोने के लिए आप सफेद सिरके का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए पहले एक बाल्टी में पानी भरकर उसमें आधा कप सफेद सिरका डालें, फिर इसमें कोट को 5 मिनट के लिए भिगोएं। इसके बाद कोट को ठंडे पानी से धो लें। इससे न केवल कोट साफ होगा, बल्कि उसकी चमक भी बरकरार रहेगी।



सफेद सिरका ऊन के कपड़ों को नुकसान पहुंचाए बिना गंदगी को दूर कर सकता है।

**कोट को सुखाने के लिए करें ये काम :** कोट को धोने के बाद उसे सुखाने का तरीका भी अहम है। कभी भी गीला कोट सीधे धूप में न सुखाएं क्योंकि इससे उसका रंग फीका पड़ सकता है। बेहतर होगा कि आप गीले कोट को हवा वाले स्थान पर उलटा करके सुखाएं। इससे वह धीरे-धीरे सूखेगा और उसका रंग भी सुरक्षित रहेगा। इस प्रक्रिया से कोट की गुणवत्ता बनी रहेगी और वह लंबे समय तक नया जैसा दिखेगा।

**ब्रश का करें इस्तेमाल :** ऊनी कोट पर अक्सर बाल उभर आते हैं, जिससे उसका लुक खराब लगता है। इन बालों को हटाने के लिए आप एक मुलायम ब्रश का इस्तेमाल कर सकते हैं। ब्रश करते समय हल्के हाथों से करें ताकि कपड़ा खराब न हो। इसके अलावा अगर कोट पर किसी तरह का दाग लग जाए तो उसे तुरंत साफ करने की कोशिश करें ताकि दाग गहरा न हो।



## जिम जाते समय न करें ऐसी गलतियां, वरना... बिगड़ सकता है फिटनेस का खेल

जिम में एक्सरसाइज करते समय कई लोग अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जिनसे उन्हें खुद ही नुकसान उठाना पड़ता है, खासकर अगर आप जिम में नए हैं तो गलतियां करने की संभावना अधिक होती है क्योंकि आपको एक्सरसाइज करने का सही तरीका पता नहीं होता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसी गलतियों के बारे में बताते हैं, जो जिम में एक्सरसाइज करते समय नहीं करनी चाहिए क्योंकि इनसे आपकी फिटनेस का खेल बिगड़ सकता है।

**एक्सरसाइज को गलत तरीके से करना :** जिम में एक्सरसाइज करने के दौरान सबसे बड़ी गलती एक्सरसाइज को गलत तरीके से करना है। इससे आपको फायदा कम और नुकसान ज्यादा पहुंच सकता है। सही तरीके से की गई एक्सरसाइज से मांसपेशियों पर दबाव एकसाथ पड़ता है, जबकि गलत तरीके से की गई एक्सरसाइज से मांसपेशियों पर एकसाथ दबाव नहीं पड़ता है। इसके अलावा गलत एक्सरसाइज करने से चोट लगने का खतरा भी बढ़ जाता है।



**पहले शरीर को तैयार करें :** जिम में एक्सरसाइज करने से पहले शरीर को तैयार करना जरूरी है। हालांकि, कई लोग ऐसा नहीं करते हैं और सीधा मशीन पर चढ़ जाते हैं। इससे शरीर पर काफी दबाव पड़ता है और चोट लगने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए शरीर को तैयार करना न भूलें। इसके लिए आप हल्की दौड़ या खिंचाव कर सकते हैं। इससे आपका शरीर तैयार हो जाएगा और आप सुरक्षित तरीके से एक्सरसाइज कर सकेंगे।

**सांस लेने की गलत तकनीक अपनाना :** एक्सरसाइज करते समय सांस लेना बहुत जरूरी है। अगर आप एक्सरसाइज करते समय सांस लेने की तकनीक को ठीक से नहीं अपनाते हैं तो इससे आपको फायदा कम और नुकसान ज्यादा पहुंच सकता है। उदाहरण के लिए जब भी आप कोई भारी वजन उठाएं तो सांस छोड़ें और जब वजन उठाएं तो सांस अंदर लें।

### जिम में ज्यादा देर तक रहना

अगर आप जिम में ज्यादा देर तक रहकर एक्सरसाइज करते हैं तो ऐसा करने की जरूरत नहीं है। वास्तव में ज्यादा देर तक जिम में रहना उतना लाभदायक नहीं होता, जितना कि रोजाना थोड़ी देर तक जिम में एक्सरसाइज करना। दरअसल, लंबे समय तक एक्सरसाइज करने से शरीर में तनाव हार्मोन का उत्पादन बढ़ जाता है, जो कई समस्याओं का कारण बन सकता है। इसलिए ज्यादा देर तक जिम में न रहें।

### खाने-पीने का ध्यान न रखना

जिम में एक्सरसाइज करने के साथ-साथ खाने-पीने का ध्यान रखना भी जरूरी है। अगर आप जिम में एक्सरसाइज तो करते हैं, लेकिन खाने-पीने का ध्यान नहीं रखते हैं तो आपको इसका फायदा नहीं मिलेगा। उदाहरण के लिए अगर आप जिम में एक्सरसाइज करके भी तला-भुना खाते रहेंगे तो इससे आपका वजन बढ़ सकता है। इसके अतिरिक्त खाने-पीने में पोषक तत्वों की कमी से भी आपको कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

कार्नर न्यूज

### यह व्यंजन सर्दियों के दौरान खासतौर से लोकप्रिय होता है

# सर्दियों में बनाकर खाएं और खिलाएं तरह-तरह के स्वादिष्ट लजानिया, लोग चाटते रह जाएंगे उंगलियां

लजानिया इटली का एक पारंपरिक व्यंजन है, जो एक किस्म का पास्ता ही होता है। यह पास्ता की पतली शीट्स, सॉस, चीज, टमाटर और कई तरह की सब्जियों का अनोखा मेल होता है। यह व्यंजन सर्दियों के दौरान खासतौर से लोकप्रिय होता है, क्योंकि इसकी गर्माहट और स्वाद ठंड में सुकून देती है। आज हम आपको कई तरह के लजानिया की रेसिपी बताने वाले हैं, जिन्हें आजमाने के बाद आप बार-बार इन्हें खाना चाहेंगे।



### वेजिटेबल लजानिया

वेजिटेबल लजानिया उन लोगों के लिए आदर्श है, जो शाकाहारी भोजन पसंद करते हैं। इसे बनाने के लिए गाजर, शिमला मिर्च, मटर और कॉर्न आदि जैसी सब्जियों को बारीक काटकर भूनें। इसके बाद एक पैन में टमाटर की ग्रेवी बनाएं और उसमें ये सब्जियां मिलाएं। अब पास्ता शीट्स को गर्म पानी में नरम करें और एक बेकिंग डिश में एक परत लगाएं। अब सब्जी वाले मिश्रण और चीज की परतें लगाएं और बेक करें।

### पेस्तो लजानिया

पेस्तो बेजिल वाला सॉस होता है, जिसका लजानिया भी बहुत स्वादिष्ट होता है। इसके लिए बेजिल, लहसुन, परमजान चीज, जैतून का तेल, नमक और चिलगोजे के बीज पीस लें। अब सॉस को थोड़ा पकाएं और सब्जियां काट लें। लजानिया शीट्स को पानी में नरम करें और बेकिंग ट्रे पर उनकी परत बिछा दें। अब उस पर पेस्तो सॉस, सब्जियां और चीज की परतें लगाते जाएं और बेक करके आनंद लें।

### पनीर और पालक का लजानिया

पनीर और पालक का लजानिया एक सेहतमंद विकल्प हो सकता है। इसके लिए पहले पालक को उबालकर उसका पेस्ट बनाएं, फिर पनीर को छोटे टुकड़ों में काट लें। अब एक पैन में प्याज, लहसुन, टमाटर और मसाले भूनें और उसमें पालक का पेस्ट मिलाएं। इसके बाद पास्ता शीट्स को गर्म पानी में नरम करें और एक बेकिंग डिश में एक परत लगाएं। इसके ऊपर पनीर और पालक वाला मिश्रण, चीज और चीज सॉस की परत लगाकर बेक करें।




### मशरूम और चीज लजानिया

मशरूम और चीज लजानिया उन लोगों के लिए बढ़िया है, जो चीजी व्यंजनों के शौकीन हैं। इसे बनाने के लिए मशरूम को बारीक काटकर भूनें, फिर उसमें क्रीम मिलाकर गाढ़ा सॉस तैयार करें। अब पास्ता शीट्स को गर्म पानी में नरम करें और एक बेकिंग डिश में एक परत लगाएं। इसके ऊपर मशरूम वाले मिश्रण, टमाटर वाले सॉस और चीज की परतें लगाएं। अंत में इसे ओवन में बेक करें, जब तक ऊपर की परत सुनहरी न हो जाए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टॉमी ली जोन्स की बेटी विक्टोरिया की मौत के कारण का खुलासा!



**लॉस एंजिल्स।** नए साल के पहले ही दिन पूरा हॉलीवुड उस वक्त सकते में आ गया, जब स्टार आइकन और ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुके टॉमी ली जोन्स के घर से बेहद बुरी खबर आई। पता चला कि 1 जनवरी को उनकी बेटी विक्टोरिया जोन्स की मौत हो गई। वह महज 34 साल की थीं। विक्टोरिया की लाश सैन फ्रांसिस्को के एक होटल के कमरे में मिली। पहले जहां के मौत का कारणों को लेकर कोई जानकारी नहीं आ रही थी, वहीं अब खबर है कि विक्टोरिया की मौत शायद ड्रग ओवरडोज से हुई है। यह बात उनकी मौत से जुड़े इमरजेंसी डिस्पैच ऑडियो से पता चलती है। एक मैगजीन का दावा है कि उसके पास डिस्पैच ऑडियो है, जिसमें 911 इमरजेंसी कॉल को 'ओवरडोज के लिए कोड 3' और 'रंग में बदलाव' के रूप में कटैगराइज किया गया है। यह संदिग्ध ओवरडोज पर मेडिकल रिस्पॉन्स का संकेत है। बताया गया है कि ऐसे मामलों में, 'रंग में बदलाव' का मतलब साइनोसिस होता है, यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें खून में ऑक्सीजन का लेवल कम होने के कारण त्वचा, होंठ या नाखूनों का रंग नीला या बैंगनी हो जाता है। रिपोर्ट में 'क्लीवलैंड क्लिनिक' का भी हवाला दिया गया है, जिसके मुताबिक, साइनोसिस अक्सर दिल या फेफड़ों की समस्याओं से जुड़ा होता है। सैन फ्रांसिस्को पुलिस और सैन फ्रांसिस्को फायर ब्रिगेड दोनों ने 1 जनवरी को तड़के लगभग 2:52 बजे फेयरमोंट होटल में मेडिकल इमरजेंसी की रिपोर्ट दी।

### टॉलीवुड

## रोम में नए साल की छुट्टियां मनाकर वापस लौटे विजय-रश्मिका



विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना मनोरंजन जगत के सबसे चर्चित कपल में से एक हैं। दोनों को साथ में देखने के लिए फैंस उत्साहित रहते हैं। अब नए साल की छुट्टियां मनाकर दोनों भारत वापस आ गए हैं। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में दोनों को रोम में न्यू ईयर की छुट्टियां मनाते देखा गया था। हालांकि, इस दौरान कपल ने साथ में अपनी तस्वीरें साझा नहीं की थीं। क्योंकि कपल ने आज तक अपने रिश्ते को लेकर खुलकर कुछ भी नहीं बोला है और न ही स्वीकार किया है। इस बीच अब रश्मिका और विजय नए साल की छुट्टियां मनाकर वापस लौट आए हैं। दोनों को एकसाथ एयरपोर्ट पर देखा गया है। अब रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा रोम से छुट्टियां मनाकर वापस लौटे हैं। दोनों को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है। इस दौरान विजय जहां ब्लैक जींस, ब्लैक हाईनेक और ब्लैक लेदर जैकेट में चेहरे पर मास्क और सिर पर टोपी लगाए नजर आए। वहीं रश्मिका मंदाना भी ग्रे प्लाजो पैंट, ब्लैक जैकेट और व्हाइट कलर के हाईनेक में दिखीं। इस दौरान रश्मिका आंखों पर चश्मा और चेहरे पर ब्लैक कलर का मास्क लगाए हुए थीं। दोनों साथ में ही एयरपोर्ट से निकलते दिखे। इससे पहले दोनों की न्यू ईयर वेकेशन की तस्वीरों ने दोनों के साथ होने का संकेत दिया था। हालांकि, रश्मिका और विजय ने अलग-अलग तस्वीरें साझा की थीं और दोनों ने साथ में कोई तस्वीर साझा नहीं की थी। लेकिन दोनों की लोकेशन एक जैसी ही थी, जो रोम की थी।

### भोजपुरी

## 'सास बहू यमराज' का ट्रेलर रिलीज ससुराल में आम्रपाली दुबे की दुर्गति



नई भोजपुरी फिल्म 'सास बहू यमराज' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। विक्रांत सिंह और आम्रपाली दुबे खूब जंच रहे हैं। खास तौर पर आम्रपाली दुबे का दमदार अभिनय ट्रेलर की जान बनकर उभरा है। कहानी विधि के विधान और जीवन के कर्मों पर आधारित है। एस आर के म्यूजिक प्रा. लि. के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म 'सास बहू यमराज' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। विक्रांत सिंह और आम्रपाली दुबे स्टारर इस फिल्म का ट्रेलर एस आर के म्यूजिक के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर जारी होते ही दर्शकों के बीच तेजी से वायरल हो रहा है। पारिवारिक रिश्तों, सामाजिक संदेश और मनोरंजन से भरपूर यह ट्रेलर दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा रहा है। फिल्म के निर्माता रोशन सिंह हैं, जबकि निर्देशन की जिम्मेदारी संजय श्रीवास्तव ने निभाई है। ट्रेलर में पति-पत्नी और सास के रिश्तों की जटिलता को रोचक अंदाज में पेश किया गया है। खास तौर पर आम्रपाली दुबे का दमदार अभिनय ट्रेलर की जान बनकर उभरा है। उनके भाव, डायलॉग, अदायगी और स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। वहीं विक्रांत सिंह भी अपने किरदार में पूरी तरह फिट नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में कॉमेडी, इमोशन और सामाजिक संदेश का संतुलित मिश्रण दिखाई देता है। कहानी विधि के विधान और जीवन के कर्मों पर आधारित है, जिसमें भगवान इंद्र जैसे पौराणिक तत्वों को भी रोचक ढंग से पिरोया गया है। फिल्म में हास्य के साथ-साथ जीवन के गहरे दर्शन को भी दिखाया गया है, जो इसे पारिवारिक दर्शकों के लिए खास बनाता है। गाने भी ट्रेलर में प्रभावशाली नजर आते हैं, जो पहले से ही चर्चा में हैं। निर्माता रोशन सिंह ने ट्रेलर रिलीज के बाद कहा कि 'सास बहू यमराज' एक ऐसी फिल्म है जो मनोरंजन के साथ मजबूत सामाजिक संदेश देती है। उन्होंने बताया कि विक्रांत सिंह और आम्रपाली दुबे की जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आने वाली है। इनके अलावा फिल्म में समर्थ चतुर्वेदी, अयाज खान, श्रद्धा नवल, विद्या सिंह, साहिल सिद्दीकी, ऋतु चौहान, अनुषा शर्मा और दीप्ति तिवारी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### लाइफ स्टाइल

## रैंप पर मलाइका ने बिखेरा जलवा

मलाइका अरोड़ा ने डिजाइनर ड्रेस में रैंप वॉक किया। फैंस को उनका लुक, स्टाइल और वॉक काफी पसंद आई। रेड ड्रेस में वह बला की खूबसूरत नजर आ रही थीं। इस रैंप वॉक के बाद बैकस्टेज पर मलाइका की मुलाकात यूलिया वंतूर हुईं। अचानक यूलिया वंतूर उनके सामने आईं। मलाइका, यूलिया को देखकर चौंक गईं। इसके बाद यूलिया ने मलाइका को गले लगाया। दोनों ने काफी देर तक बातचीत की। दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग नजर आईं।



## सर्दियों के लिए बेहतरीन हैं लेटेस्ट क्विल्टेड जैकेट, बनाएं अपने स्टाइल का हिस्सा

सर्दियों में गर्माहट देने के साथ-साथ स्टाइलिश दिखने के लिए क्विल्टेड जैकेट एक बेहतरीन विकल्प है। ये जैकेट न केवल आपको ठंड से बचाती हैं, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाती हैं। क्विल्टेड जैकेट्स हर किसी के कपड़ों की अलमारी में होनी चाहिए क्योंकि ये किसी भी पोशाक के साथ अच्छी लगती हैं। यहां हम कुछ बेहतरीन क्विल्टेड जैकेट्स के बारे में जानेंगे, जो आपकी सर्दियों की अलमारी का हिस्सा होनी चाहिए।

**क्लासिक ब्लैक क्विल्टेड जैकेट :** क्लासिक ब्लैक क्विल्टेड जैकेट हमेशा से ही फैशन में रही है। यह जैकेट किसी भी कपड़े के साथ अच्छी लगती है और आपको एक शानदार लुक देती है। इसे आप जींस या स्कर्ट दोनों के साथ पहन सकती हैं। यह जैकेट न केवल आपको ठंड से बचाती है, बल्कि आपके स्टाइल को भी उभारती है। इसकी सादगी और सुंदरता इसे हर मौके पर पहनने लायक बनाती है, चाहे वह पार्टी हो या रोजमर्रा का उपयोग।



**हुडी क्विल्टेड जैकेट :** हुडी क्विल्टेड जैकेट आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी होती हैं। ये जैकेट खासकर उन लोगों के लिए बेहतरीन हैं, जो बाहर घूमना पसंद करते हैं या किसी भी मौसम में आरामदायक महसूस करना चाहते हैं। हुडी आपके सिर को ढकता है और ठंडी हवा से बचाता है। इसे आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए पहन सकती हैं या किसी भी अनौपचारिक अवसर पर अच्छा दिखता है।

### रिवर्सेबल क्विल्टेड जैकेट

रिवर्सेबल क्विल्टेड जैकेट्स ऐसे होती हैं कि इन्हें आप दोनों तरफ से पहन सकती हैं। एक तरफ काला रंग होता है, जबकि दूसरी तरफ कोई अन्य रंग या डिजाइन होता है। इससे आप हर बार नया लुक पा सकती हैं। यह जैकेट न केवल उपयोगी है बल्कि आपके स्टाइल को भी खास बनाती है। इसे आप अलग-अलग रंगों के साथ बदलकर नए अंदाज में पहन सकती हैं, जिससे आपकी अलमारी में विविधता बनी रहती है।

### क्विल्टेड बॉम्बर जैकेट

क्विल्टेड बॉम्बर जैकेट्स युवा और चलन में दिखती हैं। इनका डिजाइन ऐसा होता है कि ये आपके पूरे शरीर को गर्माहट देती हैं। इन्हें आप जींस या स्कर्ट दोनों के साथ पहन सकती हैं। यह जैकेट न केवल आरामदायक होती है, बल्कि आपको एक आकर्षक लुक भी देती है। इन सभी प्रकार की क्विल्टेड जैकेट्स आपके सर्दियों की अलमारी का अहम हिस्सा हो सकती हैं, जो आपको ठंड से बचाने के साथ-साथ स्टाइलिश दिखने में मदद करेंगी।

## ऑफिस के लिए पुरुषों के लिए चुनें ऐसे फॉर्मल परिधान, निखरेगा व्यक्तित्व

फैशन



ऑफिस के लिए कपड़े चुनते समय न केवल आराम बल्कि पेशेवर दिखना भी जरूरी होता है। सही कपड़ों का चयन आपके आत्मविश्वास को बढ़ा सकता है और आपको एक सकारात्मक छवि प्रस्तुत कर सकता है। आइए आज हम आपको ऐसे फॉर्मल परिधान के विकल्प देते हैं, जो न केवल आरामदायक हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखते हैं। इन विकल्पों के साथ आप ऑफिस लुक को बेहतरीन बना सकते हैं और हर दिन नई ऊर्जा के साथ काम कर सकते हैं।

**सफेद शर्ट और काली पैंट :** सफेद शर्ट और काली पैंट का मेल हमेशा से ही एक पसंदीदा विकल्प रहा है। सफेद शर्ट हर रंग की पैंट के साथ जचती है और काली पैंट पेशेवर लुक देती है। इस संयोजन के साथ आप काले रंग के जूते पहन सकते हैं और एक बेल्ट भी लगा सकते हैं। यह लुक न केवल सरल बल्कि बहुत आकर्षक भी लगता है। इस तरह की ड्रेस आपको आत्मविश्वास देगी और पूरे दिन आरामदायक महसूस करवाएगी।

**नीली शर्ट और ग्रे पैंट का मेल :** नीली शर्ट और ग्रे पैंट का मेल एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। नीली शर्ट ताजगी देती है और ग्रे पैंट के साथ मिलकर एक पेशेवर छवि बनाती है। इस लुक को पूरा करने के लिए आप काले या भूरे रंग के जूतों का चयन कर सकते हैं। यह मेल न केवल स्टाइलिश दिखता है बल्कि आरामदायक भी होता है। इस तरह की ड्रेस आपके ऑफिस लुक को खास बना सकती है।

**हल्के रंग की शर्ट और गहरे रंग की पैंट :** हल्के रंग की शर्ट और गहरे रंग की पैंट का मेल एक अच्छा विकल्प हो सकता है। हल्के रंग की शर्ट जैसे कि हल्का नीला या पीला गर्मियों के मौसम में ताजगी भरा महसूस कराती है, जबकि गहरे रंग की पैंट पेशेवर दिखती हैं। इस संयोजन के साथ आप भूरे या काले रंग के जूतों का चयन कर सकते हैं। यह लुक न केवल आरामदायक है बल्कि आपको एक सकारात्मक छवि प्रस्तुत करता है।

**सफेद शर्ट और भूरे रंग की पैंट :** सफेद शर्ट और भूरे रंग की पैंट का मेल भी अच्छा लगता है। सफेद शर्ट हर रंग की पैंट के साथ जचती है और भूरे रंग की पैंट एक अलग अंदाज देती है। इस लुक को पूरा करने के लिए भूरे रंग के जूते अच्छे लगते हैं।

## काली जींस को स्टाइल करना लग रहा है मुश्किल तो अपनाएं आसान टिप्स

काली जींस एक ऐसा परिधान है, जो हर महिला की अलमारी में होना चाहिए। यह न केवल आरामदायक होती है, बल्कि इसे आप कई तरह के लुक्स में पहन सकती हैं। चाहे आप ऑफिस जा रही हों या दोस्तों के साथ बाहर जा रही हों, काली जींस हर मौके पर फिट बैठती है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप काली जींस को अलग-अलग तरीकों से स्टाइल कर सकती हैं।

**सफेद टी-शर्ट के साथ काली जींस का मेल :** सफेद टी-शर्ट और काली जींस का मेल हमेशा से ही लोकप्रिय रहा है। यह लुक न केवल सरल है, बल्कि बहुत ही आकर्षक भी दिखता है। सफेद टी-शर्ट को काली जींस के साथ पहनकर आप एक साफ-सुथरा लुक पा सकती हैं। इस मेल को आप स्नीकर्स या बूट्स के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी स्टाइलिश लगेगा।



### ब्लेजर के साथ काली जींस का संयोजन

अगर आप ऑफिस जा रही हों या किसी फॉर्मल कार्यक्रम पर जाना हो तो ब्लेजर के साथ काली जींस एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। एक अच्छी फिटिंग वाला ब्लेजर आपके लुक को पेशेवर और स्मार्ट बनाता है। आप इसे सफेद शर्ट या ब्लाउज के साथ पहन सकते हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इसके साथ ही हाई हील्स फुटवियर्स पहनकर आप अपने लुक को पूरा कर सकती हैं।

**क्रॉप टॉप और काली जींस का जादू :** क्रॉप टॉप के साथ काली जींस एक बहुत ही चलन में रहने वाला और आधुनिक लुक देता है। यह लुक खासकर गर्मियों में बहुत अच्छा लगता है क्योंकि यह न केवल आरामदायक होता है बल्कि आपको स्टाइलिश भी दिखाता है। आप इसे फ्लैट्स या स्नीकर्स के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

## रोजाना ट्राउजर पहनने वाले लोग आजमाएं फैशनेबल तरीके, दिखेंगी स्टाइलिश

रोजाना ट्राउजर पहनना एक आम बात है, लेकिन इसे स्टाइलिश तरीके से पहनने के कई तरीके हैं। सही कपड़े और सही तरीके से ट्राउजर पहनने पर आप न केवल आरामदायक महसूस करेंगी, बल्कि स्टाइलिश भी दिखेंगी। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फैशनेबल टिप्स देंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपने रोजमर्रा के लुक को खास बना सकती हैं और हर दिन नए अंदाज में नजर आ सकती हैं।

**टी-शर्ट के साथ ट्राउजर का मेल :** टी-शर्ट और ट्राउजर का मेल एक बेहतरीन तरीका है। अगर आप रोजाना टी-शर्ट पहनती हैं तो ध्यान रखें कि आपकी टी-शर्ट अच्छी फिटिंग की होनी चाहिए। ढीली टी-शर्ट के साथ ढीले पैंट न पहनें। यह आपके लुक को बिगाड़ सकता है। इसके अलावा आप टी-शर्ट को



थोड़ा अंदर की ओर टक कर सकती हैं ताकि आपकी कमर दिखे और लुक ज्यादा आकर्षक लगे। रंगों का मेल भी ध्यान रखें, जैसे हल्की टी-शर्ट के साथ गहरे रंग का ट्राउजर।

**शॉर्ट कुर्ती के साथ ट्राउजर का जादू :** अगर आप पारंपरिक लुक पसंद करती हैं तो शॉर्ट कुर्ती और ट्राउजर का मेल बेहतरीन विकल्प हो सकता है। लंबी कुर्ती के साथ धोती स्टाइल ट्राउजर बहुत सुंदर लगता है। आप इसे किसी भी रंग की शॉर्ट कुर्ती के साथ पहन सकती हैं, लेकिन ध्यान रखें कि कुर्ती का डिजाइन सरल हो ताकि ट्राउजर की खासियत बनी रहे। इस लुक को पूरा करने के लिए हल्के गहने पहनें और बालों को खुला रखें।

**जैकेट के साथ ट्राउजर का मेल :** जैकेट के साथ ट्राउजर पहनना एक शानदार तरीका हो सकता है, खासकर ठंड के मौसम में। आप किसी भी रंग की जैकेट चुन सकती हैं, लेकिन ध्यान रखें कि वह आपकी ट्राउजर से मेल खाती होनी चाहिए। इसके अलावा जैकेट का कपड़ा भी अहम होता है, जैसे सूती या डेनिम जैकेट आरामदायक होती हैं। इस लुक को पूरा करने के लिए आप हल्के गहने पहन सकती हैं और बालों को खुला रखें ताकि आपका लुक ज्यादा आकर्षक लगे।

### कार्नर न्यूज

## स्टाइलिश लुक तो देंगे ही, साथ ही साथ आरामदायक भी महसूस करवाएंगे

## 2026 में इन डेनिम ट्रेंड का रहेगा बोलबाला स्टाइलिश दिखने के लिए आजमाकर जरूर देखें

डेनिम एक ऐसा कपड़ा है, जो कभी स्टाइल से बाहर नहीं होता। इसके स्टाइल बदलते हैं, लेकिन यह हमेशा फैशन में रहता ही है। 2026 में डेनिम में कई नए ट्रेंड देखने को मिलेंगे। आज के फैशन टिप्स में हम 5 ऐसे डेनिम ट्रेंड के बारे में जानेंगे, जो आपको 2026 में जरूर पसंद आएंगे। ये ट्रेंड आपको स्टाइलिश लुक तो देंगे ही, साथ ही साथ आरामदायक भी महसूस करवाएंगे। इन्हें आज से ही अलमारी का हिस्सा बना लें।



### रंग-बिरंगे डेनिम के कपड़े

2026 में रंग-बिरंगे डेनिम वाले कपड़ों का चलन बहुत ज्यादा देखने को मिलेगा। पारंपरिक नीले रंग के अलावा लाल, हरे, पीले और गुलाबी जैसे रंग भी लोकप्रिय होंगे। ये रंग न केवल देखने में अच्छे लगते हैं, बल्कि पहनने में भी आरामदायक होते हैं। बाजार में रंग-बिरंगी डेनिम जैकेट, जींस और शर्ट उपलब्ध रहेंगी, जिन्हें आप अपने अलग-अलग लुक्स के साथ मिला सकेंगे।

### फटी हुई जींस का नया अंदाज

फटी हुई जींस अब फैशन से बाहर हैं, लेकिन 2026 में इन्हें एक नए अंदाज में पेश किया जाएगा। नए ट्रेंड के अनुसार, फटे हुए हिस्से बड़े और अधिक बिखरे हुए होंगे। इससे एक अनोखा लुक मिलेगा, जो पुरुषों के बीच ज्यादा लोकप्रिय होगा। इसके अलावा फटे हुए हिस्सों पर कढ़ाई या पैचवर्क भी देखने को मिल सकते हैं, जो इन्हें और भी खास बना देंगे। यह ट्रेंड पश्चिमी देशों में ज्यादा दिखाई दे सकता है।

### बड़े आकार की जैकेट और कोट

बड़े आकार की जैकेट और कोट इस साल बहुत चलन में रहेंगे। ये न केवल आपको गर्म रखेंगे, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाएंगे। बड़े आकार की जैकेट के साथ घेरदार पैंट या स्कर्ट पहनना अच्छा रहेगा। इसके अलावा इन्हें आप जींस या लेगिंग के साथ भी मिला सकते हैं। इस तरह आप अपने अलग-अलग लुक्स के अनुसार इन्हें बदल सकते हैं। इन जैकेट और कोट में आपको आरामदायक महसूस होगा और आप हर मौके पर स्टाइलिश दिखेंगे।



### घेरदार पैंट

घेरदार पैंट 70 के दशक से लेकर अब तक कई बार फैशन में रही हैं और 2026 में इनका वापस आना तय है। घेरदार पैंट का बड़ा हिस्सा घुटनों से नीचे चौड़ा होता है, जो पैरों को लंबा दिखाता है। ये पैंट न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती हैं। इन्हें आप किसी भी टॉप या टी-शर्ट के साथ पहन सकते हैं। इन्हें ऊंची एड़ी के जूते के साथ पहनने पर आपका लुक और भी खास लगेगा।

### डेनिम एक्सेसरीज

डेनिम सिर्फ कपड़ों तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एक्सेसरीज में भी नजर आएगा। इस साल डेनिम के बैग, बेल्ट और जूते आदि भी बहुत लोकप्रिय रहने वाले हैं। डेनिम के बैग बहुत ही आरामदायक होते हैं, क्योंकि ये हल्के होते हैं और ये लंबे समय तक नए जैसे रहते हैं। इसके अलावा डेनिम की बेल्ट भी बहुत ही आकर्षक लगती हैं, जिन्हें आप किसी भी पोशाक के साथ पहन सकते हैं।